
दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 96 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | मंगलवार, 11 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# दिल्ली में लाल किले के पास चलती कार में धमाका : 9 लोगो की मौत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में लाल किले के पास चलती कार में शाम 6.52 बजे जोरदार धमाका हुआ। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि आसपास खड़ी गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। धमाके में 9 लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए।


गृह मंत्री अमित शाह ने बताया- एक i-20 कार के पिछले हिस्से में धमाका हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कार हरियाणा के गुरुग्राम में सलमान के नाम पर रजिस्टर्ड थी।

पुलिस ने सलमान को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। सलमान ने इसे पुलवामा के तारिक को बेची थी। दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने बताया कि ब्लास्ट फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास हुआ।

### शाह अस्पताल और घटनास्थल पहुंचे

घटना के बाद शाह एनएनजेपी अस्पताल पहुंचे। वे कुछ देर में घटनास्थल भी पहुंचें। इधर, पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एनआईए और एनएसजी को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। इससे पहले पीएम मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह से बात करके घटना की जानकारी ली थी। धमाके के बाद दिल्ली समेत मुंबई, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

## दिल्ली में धमाके के बाद यूपी-हरियाणा-महाराष्ट्र और एमपी में हाई अलर्ट



## दिल्ली ब्लास्ट पर अमित शाह
## घटना की हर एंगल से जांच, सारे सीसीटीवी खंगाले जा रहे

दिल्ली में हुए धमाके के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा- आज शाम लगभग 7 बजे, दिल्ली के लाल किले के पास सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल पर एक हुंडई आई 20 कार में एक धमाका हुआ। इस धमाके से कुछ पैदल यात्रियों को चोटें आईं और कुछ वाहनों को नुकसान पहुंचा।

### क्या बोले- गृहमंत्री अमित शाह

उन्होंने कहा- प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ लोगों की जान चली गई है। धमाके की सूचना मिलने के 10 मिनट के अंदर ही दिल्ली क्राइम ब्रांच और दिल्ली स्पेशल ब्रांच की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गईं। एनएसजी और एनआईए की टीमें, साथ ही एफएसएल ने अब गहन जांच शुरू कर दी है. सभी आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच करने के आदेश दिए गए हैं. मैंने दिल्ली पुलिस कमिश्नर और स्पेशल ब्रांच के प्रभारी से भी बात की है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर और स्पेशल ब्रांच के प्रभारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। हम सभी संभावनाओं की जांच कर रहे हैं और सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच करेंगे। सभी विकल्पों की तत्काल जांच की जाएगी और हम परिणामों को जनता के समक्ष रखेंगे. मैं जल्द ही घटनास्थल पर पहुंच रहा हूं और तुरंत अस्पताल का भी दौरा करूंगा।

### एक धीमी गति से चलती गाड़ी में हुआ विस्फोट : दिल्ली पुलिस कमिश्नर

दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने कहा, शाम करीब 6 .52 बजे लाल किले के पास लाल बत्ती पर आ रही एक धीमी गति से चलती गाड़ी में विस्फोट हुआ। इससे आस-पास के वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दिल्ली पुलिस, एफएसएल, एनआईए, एनएसजी समेत सभी एजेंसियां मौके पर पहुंच गई हैं। विस्फोट की हर पहलू से जांच की जा रही है। कुछ लोगों की मौत हुई है और कुछ घायल हुए हैं। स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जल्द ही मृतकों की सही संख्या बताई जाएगी। गृह मंत्री को घटना की जानकारी दी जा रही है।

### एक व्यक्ति उसकी कार पर आकर गिरा : प्रत्यक्षदर्शी

एक पीड़ित ने बताया कि वह अपनी कार में बैठे थे। जाम की स्थिति थी। गाड़ी में बैठे थे, तभी ब्लास्ट हुआ। एक व्यक्ति उसकी गाड़ी के ऊपर गिरा। उसकी मौत हो चुकी थी।

### ड्यूटी खत्म कर चुके एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टरों को बुलाया गया

सरकार के निर्देश पर लोकनायक अस्पताल में अपनी ड्यूटी समाप्त कर घर है चुके सर्जरी आदि के सभी डॉक्टरों को अस्पताल में वापस बुला लिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लगातार अधिकारियों से रिपोर्ट ले रही हैं और सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद देखने के लिए अधिकारियों से कहा है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ पंकज सिंह कुछ देर में ही लोकनायक अस्पताल पहुंचने वाले हैं।

## दिल्ली-यूपी, बंगाल-हरियाणा और एमपी में हाई अलर्ट



दिल्ली में धमाके के बाद उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है। आगरा में पुलिस तलाशी अभियान में जुट गई है। सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन के साथ ही होटल, धर्मशाला में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लखनऊ के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों और एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सीआइएसएफ, पुलिस और कई एजेंसियों ने सघन जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का घेरा बढ़ा दिया।

## अरविंद केजरीवाल ने घटना पर जताया दुख



दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर घटना पर दुख जताया। उन्होंने लिखा-लाल किले के पास हुए धमाके की खबर बेहद चिंताजनक है। बताया जा रहा है कि इसमें कुछ लोगों की जान भी गई है, ये बेहद दुखद है। उन्होंने लिखा- पुलिस और सरकार को तुरंत इसकी जांच करनी चाहिए कि ये धमाका कैसे हुआ और क्या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश तो नहीं है। दिल्ली की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

## दिल्ली में हुए धमाके के बाद गाजियाबाद में पुलिस ने कई जगह की चेकिंग

दिल्ली में हुए धमाके के बाद गाजियाबाद में पुलिस ने माल्स, बाजार, रेलवे स्टेशन और बस अड्डे समेत भीड़भाड़ भरे बाजारों में चेकिंग शुरू कर दी है। पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड ट्रांस हिंडन के दिल्ली बार्डर से सटे इलाकों में जाकर चेकिंग करा रहे हैं। कई जगह पुलिस ने नाकेबंदी की है। होटलों में भी चेकिंग शुरू की गई

बिहार चुनाव

## दूसरे चरण में तीन दलों के अध्यक्षों समेत कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला आज



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान मंगलवार को 20 जिलों के 122 सीटों के लिए होगा। दूसरे और अंतिम चरण में 1302 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इस चरण में मतदाता तीन दलों के प्रदेश अध्यक्षों के अलावा कई दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। दूसरे चरण के मतदान में तीन दलों के प्रदेश अध्यक्षों में से लोजपा (रामविलास) के राजू तिवारी गोविंदगंज से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की किस्मत कुटुंबा में दांव पर लगी है।

टेकारी से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार के भाग्य का फैसला भी मंगलवार को मतदान करेंगे। इसके अलावा दूसरे चरण में 12 मंत्रियों, एक पूर्व उप मुख्यमंत्री, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और कई पूर्व मंत्रियों के भाग्य का फैसला मतदाता करेंगे। इस चरण में सर्वाधिक 22 उम्मीदवार चैनपुर, सासाराम और गया शहर क्षेत्र में हैं जबकि सबसे कम पांच-पांच उम्मीदवार लौरिया, चनपटिया, रक्सौल, सुगौली, त्रिवेणीगंज और बनमनखी विधानसभा क्षेत्र में हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस चरण के चुनाव में 1302 उम्मीदवार हैं, जिनके राजनीतिक भविष्य का फैसला तीन करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता करेंगे।

इन मतदाताओं में एक करोड़ 95 लाख 44 हजार 041 पुरुष और एक करोड़ 74 लाख 68 हजार 572 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदाताओं के लिए 45,399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 11 सहायक बूथ शामिल हैं।

# राजस्थान की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव आज

## 268 केंद्रों पर मतदान करेंगे 2.28 लाख मतदाता

बढ़ता राजस्थान

**बारां।** अंता विधानसभा उपचुनाव में मंगलवार सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। 268 केंद्रों पर 2.28 लाख मतदाता वोट डालेंगे। सुरक्षा के लिए CAPF जवान, क्विक रेस्पॉन्स टीम और वरिष्ठ अधिकारी तैनात रहेंगे। 13 अंतर्राज्यीय नाकों पर कड़ी निगरानी रहेगी।

बारां जिले के अंता विधानसभा उपचुनाव 2025 के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन विभाग ने जानकारी दी कि मंगलवार सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी। क्षेत्र में कुल 268 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। सभी मतदान दलों को प्रशिक्षण पूरा कराने के बाद संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं से शांतिपूर्वक मतदान में भाग लेने और लोकतंत्र के इस उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी

उपचुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। प्रत्येक मतदान दल के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील और क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) के जवान तैनात रहेंगे। इसके अलावा क्षेत्र में 12 क्विक रेस्पॉन्स टीम, 43 मोबाइल पार्टियां, 43 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 12 पुलिस सुपरवाइजरी अधिकारी, 12 एरिया मजिस्ट्रेट, 4 वरिष्ठ पुलिस पर्यवेक्षक और 4 वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी तैनात किए गए हैं।




### 2.28 लाख मतदाता करेंगे अपने अधिकार का प्रयोग

अंता विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,28,264 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 1,16,783 पुरुष, 1,11,477 महिलाएं और 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। निर्वाचन विभाग ने बताया कि सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय और व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था की गई है ताकि कोई भी मतदाता असुविधा महसूस न करे। अंता में साल 2005 में उपसरपंच चुनाव के दौरान तत्कालीन विधायक रहे कंवरलाल मीणा पर एसडीएम पर पिस्तौल तानने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप था, जिसमें कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी विधायकी समाप्त हो गई थी। अंता विधानसभा सीट खाली होने के बाद यहां पर उपचुनाव की घोषणा हुई है।

### चेकिंग बढ़ी, सीमाओं पर चौकसी कड़ी

चुनाव अवधि के दौरान किसी भी अवांछित गतिविधि को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ा दी है। 13 अंतर्राज्यीय नाके और 5 अंतर जिला नाके सक्रिय रखे गए हैं, जहां सशस्त्र बलों की निगरानी में लगातार चेकिंग की जा रही है।




## सम्पादकीय

# घुसपैठियों के 'सेवा सदन'

प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और बिहार चुनाव के प्रभारी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान विदेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर कुछ भी बयान देते रहें, पांच साल में बिहार को घुसपैठिया-मुक्त करने के दावे करते रहें, लेकिन 11 साल की भारत सरकार में उन्होंने कितने घुसपैठियों को चिह्नित किया और उनके देश वापस भेजा है, इसकी सही संख्या बताने को कोई तैयार नहीं है। भाजपा 1989 से संयुक्त बिहार में घुसपैठियों का मुद्दा उठाती रही है, लेकिन आज भी वह उतना ही प्रासंगिक है। चूंकि बिहार में दूसरे चरण के मतदान से पहले गांवों-कस्बों में 'जातीय गोलबंदी' कसती जा रही है, लिहाजा प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा के बड़े नेताओं को मजबूरन 'घुसपैठ, घुसपैठ' चिल्लाना पड़ रहा है। 'जातीय गोलबंदी' की काट के लिए 'हिंदू-मुसलमान' का राग अलापना पड़ा है। घुसपैठियों के स्थूल मायने हैं कि वे मुसलमान ही होंगे, लिहाजा इस तरह भाजपा हिंदू वोट बैंक को लामबंद करने की राजनीति खेल रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने तो यहां तक कह दिया कि राहुल बाबा और लालू के बेटे को वोट की खातिर 'घुसपैठिया यात्रा' निकालनी पड़ी। वे उन्हें देश के नागरिक बनाने पर आमादा हैं, लेकिन हम घुसपैठियों को चुन-चुन कर देश से बाहर निकालेंगे। मई, 2014 से पहले लगातार 10 साल तक केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। उस दौरान 2005 से 2013 तक कुल 88,792 विदेशी घुसपैठियों की धरपकड़ की गई। उन्हें उनके मूल देश वापस भी भेजा गया होगा, लेकिन मौजूदा भाजपा-एनडीए सरकार के अभी तक 11 साल के कार्यकाल में 2500 घुसपैठियों को भी चिह्नित करके देश से खदेड़ा नहीं जा सका है। यह सरकारी आंकड़ों से ही स्पष्ट है। इस साल अक्तूबर, 2025 तक का आंकड़ा मात्र 235 है, जबकि करीब 1100 घुसपैठिए दिल्ली के 'सेवा सदनों' में हिरासत में कैद हैं, लेकिन रोटियां फाड़ रहे हैं और सरकारी मलाई चाट रहे हैं। दरअसल मोदी सरकार की एक नई सोच, रणनीति, दृष्टि सामने आई है, जिसे देश शायद ही जानता होगा! केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना के जरिए राज्यों और संघशासित प्रदेशों को आदेश जारी किए हैं कि वे अवैध, विदेशी घुसपैठियों के लिए 'डिटेंशन सेंटर' (हिरासत केंद्र) स्थापित करें। गृह मंत्रालय का तर्क है कि ये हिरासत केंद्र बनाना इसलिए जरूरी है, ताकि घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने से पहले उनकी देश के भीतर आवाजाही प्रतिबंधित की जा सके। मोदी सरकार अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरह घुसपैठियों को हथकड़ी और बेडियों में बांध कर देश-निकाला क्यों नहीं दे सकती? अमरीका ने तो भारतीय अवैध प्रवासियों को इस तरह भेजा था, लेकिन मोदी सरकार एक लंबी प्रक्रिया के तहत इस समस्या को बरकरार रखना चाहती है। गृह मंत्रालय ने ये आदेश भी जारी किए हैं, जिनकी परिधि में निजी क्षेत्र भी है। आदेश के अनुसार, कोई भी विदेशी, जिसके पास भारत में रोजगार करने का वैध वीजा है, वह नागरिक प्राधिकरण की अनुमति के बिना, बिजली या पानी की आपूर्ति अथवा पेट्रोलियम क्षेत्र में कार्यरत निजी क्षेत्र के किसी भी उपक्रम में, काम नहीं कर सकेगा। रक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा या मानवाधिकार अथवा इस संबंध में निर्दिष्ट किसी अन्य निजी क्षेत्र के उपक्रम में, केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति के बिना, ऐसे विदेशियों को रोजगार पर नहीं रखा जा सकता। सवाल है कि विदेशी घुसपैठियों के मद्देनजर यह सब कुछ करना क्यों जरूरी समझा गया? क्या घुसपैठियों को चिह्नित करने, उन्हें सजा देने, अंततः उनके मूल देश वापस भेजने में भारत सरकार को दिक्कतें पेश आ रही हैं? अब तो ब्रिटेन ने भी भारतीय अप्रवासियों के करीब 98,000 वीजा दोबारा चैक करने का फैसला लिया है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 11 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1208 - ओत्तो वान विटल्सबाश को जर्मनी का राजा चुना गया।
- 1675 - गुरु गोबिन्द सिंह सिक्खों के गुरु नियुक्त हुए थे।
- 1745 - चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट उर्फ बोनी प्रिंस चार्ली की सेना इंग्लैंड में घुसी।
- 1809 - ब्रिटिश आधिपत्य के विरुद्ध विद्रोह करने के लिए लोगों का आह्वान करते हुए एक घोषणा निकाली जो 'कुण्डरा घोषणा' नाम से जानी जाती है।
- 1811 - कार्टाहेना कोलंबिया ने स्पेन से खुद को स्वतंत्र घोषित किया।
- 1836 - चिली ने बोलीविया और पेरु के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1905 द प्रिंस ऑफ़ वेल्स ने द प्रिंस ऑफ़ वेल्स संग्रहालय की नींव रखी थी।
- 1918 - पोलैंड ने खुद को स्वतंत्र देश घोषित किया।
- 1937 - अमेरिका के क्लिंटन डेविसन और इंग्लैंड के सर जी पी थॉमसन को भौतिकशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- 1962 - कुवैत की नेशनल असेंबली ने संविधान को स्वीकार किया।
- 1966 - अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यान 'जेमिनी-12' लांच किया।
- 1973 - पहली अंतरराष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी नयी दिल्ली में शुरू।
- 1975 - अंगोला को पुर्तग़ाल से आजादी मिली।
- 1978 - मॉमून अब्दुल गयूम मालदीव के राष्ट्रपति बने।
- 1982 - इजरायल के सैन्य मुख्यालय में गैस विस्फोट में 60 लोगों की मौत।
- 1985 - एड्स थीम पर आधारित पहली टीवी फ़िल्म 'एन अर्ली फ्रोस्ट' अमेरिका में प्रदर्शित की गयी।
- 1989 - बर्लिन की दीवार गिराने की शुरुआत।
- 1995 - नाइजीरिया में मानवाधिकार कार्यकर्ता केन सारो वीवा तथा उनके 8 सहयोगियों को फ़ांसी दिये जाने के कारण विश्व भर में नाइजीरिया की भर्त्सना।

## विशेष आलेख

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस : नियुक्ति ही नहीं मुक्ति देने वाली शिक्षा की जरूरत



ललित गर्ग

वर्ष 11 नवंबर को हम राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन केवल औपचारिक उत्सव का नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र के चरित्र, संस्कृति और सृजनशीलता का आधार है। यह दिवस स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय एकता का सबसे सशक्त माध्यम माना। वे न केवल एक प्रखर राष्ट्रनायक थे बल्कि एक दूरदर्शी विचारक भी थे जिन्होंने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी है, जिसके दूध को पीने के लिए साहस चाहिए। मौलाना आज़ाद का मानना था कि भारत की शिक्षा पद्धति ऐसी हो जो हर वर्ग, हर समुदाय, हर व्यक्ति को अवसर दे। उन्होंने प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक सबके लिए समान अवसर की बात कही। उनका सपना था कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम न रहकर जीवन को दिशा देने वाली प्रक्रिया बने। आज जब हम उनके विचारों की ओर देखते हैं तो यह महसूस होता है कि हमारी शिक्षा प्रणाली ने तकनीकी रूप से प्रगति की है, लेकिन मानवीय दृष्टि और मूल्य शिक्षा में कमी आई है। हमारी शिक्षा शांतिप्रिय, अहिंसक एवं सर्वांगीण विकसित बनाने की बजाय हिंसक, बीमार एवं अशांत बना रही है। आज भारत की शिक्षा व्यवस्था में अनेक विसंगतियां हैं। शिक्षा आज ज्ञान की जगह अंक और प्रमाणपत्र की होड़ बन चुकी है। विद्यार्थी रट्टा मारने की मशीन बनते जा रहे हैं, सोचने और सृजन करने की क्षमता कुंठित हो रही है। शिक्षा में नैतिकता, सह-अस्तित्व, करुणा और अहिंसा जैसे मूल्य गौण हो गए हैं। समाज में शिक्षक की प्रतिष्ठा घटती जा रही है, वे अब प्रेरणा के स्रोत की बजाय 'सिलेबस पूरा करने' वाले कर्मचारी बनते जा रहे हैं। शहरी और ग्रामीण शिक्षा में गहरी असमानता है, शहरों में अत्याधुनिक विद्यालय हैं तो गाँवों में अब भी शिक्षा सुविधाओं का अभाव है। देश में लाखों एकल शिक्षक विद्यालय है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं पर रोजगार घट रहे हैं, शिक्षा और जीवन की आवश्यकताओं में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। इन विसंगतियों को दूर करना ही राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की वास्तविक सार्थकता है। आज का विद्यार्थी बचपन से ही एक ऐसी अंधी एवं प्रतिस्पर्धी दौड़ में धकेल दिया जाता है, जिसमें लक्ष्य अंक, ग्रेड, और रैंक बन गए हैं-ज्ञान, संवेदना और चरित्र नहीं। स्कूल अब शिक्षालय नहीं, बल्कि परीक्षा-केंद्र यानी गलाकाट प्रतियोगिता के केन्द्र बन चुके हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज-सभी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया है, जहाँ सफलता का अर्थ केवल डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या उच्च वेतन वाली नौकरी तक सीमित हो गया है। शिक्षा अब व्यक्ति के भीतर के मनुष्यत्व, रचनात्मकता और संवेदना को विकसित करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि उसने जीवन को प्रदर्शन की प्रतियोगिता बना दिया है। छोटे बच्चों पर कोचिंग का बोझ, अभिभावकों की अपेक्षाएँ, और असफलता का भय?- ये तीन त्रिकोणीय दबाव उन्हें धीरे-धीरे मानसिक रूप से तोड़ देते हैं। शिक्षा अब एक बोझ और मानसिक तनाव का कारण बन गयी है। भारत की शिक्षा प्रणाली को लेकर समय-समय पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। शिक्षा की विसंगतियों एवं दबावों के चलते भी अनेक सवाल खड़े हैं। इन्हीं से जुड़ा यह एक बेहद हृदय विदारक और चिंताजनक तथ्य है कि एक वर्ष में लगभग 14,000 स्कूली बच्चों ने आत्महत्या कर ली। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) भी कर रही है। अधिक घातक तथ्य यह है कि बीते एक दशक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 की तुलना में यह संख्या 34 प्रतिशत अधिक है। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन मासूम सपनों की समाधियाँ हैं जिन्हें हमारी शिक्षा प्रणाली ने दम तोडने पर विवश कर दिया। यह स्थिति राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाते हुए किसी एक स्कूल, राज्य या केन्द्रसरकार के लिये ही नहीं, बल्कि आमजन के लिये विमर्श का विषय बनना चाहिए। भारत की शिक्षा केवल बौद्धिक नहीं बल्कि समग्र विकास का माध्यम होनी चाहिए। प्राचीन भारत की गुरुकुल परंपरा में विद्यार्थी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास पर समान बल दिया जाता था। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्ति नहीं बल्कि आत्म-ज्ञान, आत्म-नियंत्रण और समाज सेवा की भावना जगाना होता था। आज फिर उसी संतुलित दृष्टि की आवश्यकता है। भावात्मक शिक्षा का अर्थ है संवेदनशीलता का विकास। एक विद्यार्थी जब दूसरे के दुःख को महसूस करना सीखता है तभी वह सच्चा नागरिक बनता है। मानसिक शिक्षा का अर्थ है एकाग्रता, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता। यह वह शक्ति है जो व्यक्ति को संकटों में भी स्थिर रखती है। बौद्धिक शिक्षा तर्क, विवेक और सृजनशीलता का विकास करती है। शारीरिक शिक्षा स्वस्थ तन के बिना स्वस्थ मन संभव नहीं होने का बोध कराती है, योग, खेल और व्यायाम को शिक्षा का अभिन्न भाग बनाना चाहिए। शैक्षणिक शिक्षा में ज्ञान और व्यावसायिक दक्षता दोनों का समन्वय होना चाहिए ताकि विद्यार्थी जीवनोपयोगी कौशल प्राप्त कर सके। इन सभी पक्षों का समन्वय ही सम्पूर्ण शिक्षा पद्धति कहलाता है। भारत की शिक्षा पद्धति ऐसी होनी चाहिए जो परंपरा और आधुनिकता का संगम बने। गांधीजी ने कहा था कि "शिक्षा का मतलब है शरीर, मन और आत्मा का समान विकास।" यही भारत की शिक्षा की आत्मा है। हमारी शिक्षा जीवन-केंद्रित हो, केवल नौकरी-केंद्रित नहीं। वह मूल्य-आधारित हो ताकि समाज में नैतिकता और मानवता बनी रहे। उसमें स्थानीय और वैश्विक दृष्टि का संगम हो ताकि विद्यार्थी अपनी जड़ों से जुड़ा रहे पर विश्व की नवीनतम तकनीक से भी परिचित हो। उसमें अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन मिले ताकि भारत 'ज्ञान अर्थव्यवस्था' का नेतृत्व कर सके। वह समानता और समावेशिता को आधार बनाए चाहे वह भाषा, लिंग या वर्ग के स्तर पर क्यों न हो। कोई भी शिक्षा प्रणाली उतनी ही सशक्त होती है जितना सशक्त उसका शिक्षक होता है। शिक्षक केवल पढ़ाने वाला नहीं बल्कि प्रेरक, निर्माता और मार्गदर्शक होता है।

# 70 साल में भी वेस्ट यूपी नही बनी हाईकोर्ट बेंच




अशोक मधुप

*1948 में, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ स्थापित की गई थी, लेकिन पश्चिमी यूपी को इससे कोई राहत नहीं मिली, क्योंकि लखनऊ भी इस क्षेत्र से काफी दूर था।*

पश्चिमी उत्तर प्रदेश (वेस्ट यूपी) में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक बेंच स्थापित करने की मांग एक बहुत पुराना और लगातार जारी रहने वाला आंदोलन है। लगभग 70 साल पुरानी यह मांग केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि क्षेत्रीय न्याय, सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की एक गहरी पुकार है। इस आंदोलन के कामयाब न होने की खास बात यह है कि आंदोलनरत वकील आदोलन से जनता को नही जोड़ सके। वह यह बताने में और जनता में मन में बैठाने में असफल रहे कि हाईकार्ट की बैंच पश्चिम उत्तर प्रदेश में बनने से यहां के रहने वालों को क्या लाभ होगा? 1948 में, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ स्थापित की गई थी, लेकिन पश्चिमी यूपी को इससे कोई राहत नहीं मिली, क्योंकि लखनऊ भी इस क्षेत्र से काफी दूर था। वैसे 1955 की विधि आयोग की सिफारिशों ने इस आंदोलन को एक नई दिशा दी। आयोग ने सिफारिश की थी कि उच्च न्यायालय की बेंच उन क्षेत्रों में स्थापित की जानी चाहिए, जहाँ से दूरी अधिक है। साल 1955 में तत्कालीन मुख्यमंत्री संपूर्णानंद ने मेरठ में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की सिफारिश की । वर्ष 1976 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की सरकार ने केंद्र को खंडपीठ स्थापित किए जाने का प्रस्ताव भेजा । जनता पार्टी के शासन में राम नरेश यादव की सरकार ने भी इस मांग पर मुहर लगाई और पश्च ?मी यूपी में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने के प्रस्ताव को कर उसे केंद्र सरकार को भेजा। बनारसीदास सरकार एवं बाद में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में भी एक प्रस्ताव पारित कर हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को संस्तुति प्रदान की गईं । प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया। 1970 और 1980 के दशक में, यह आंदोलन और भी जोर पकडने लगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वकीलों ने हड़तालों और विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया। किसान नेता चौधरी चरण सिंह, मुलायम सिंह यादव और अजित सिंह जैसे नेताओं ने भी इस मांग को अपना समर्थन दिया। इससे यह मांग राजनीतिक मुद्दा बन जरूर बन गई किंतु नेताओं की इच्छा शक्ति के अभाव में और इलाहाबाद के वकीलों के दबाव में कभी पूरी नही हुई। आज भी, पश्चिमी यूपी के कई संगठन और बार एसोसिएशन इस मुद्दे पर नियमित रूप से आंदोलन करते रहते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों जैसे मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर और मथुरा से इलाहाबाद की दूरी 500 से 700 किलोमीटर है। इस लंबी दूरी के कारण मुवक्किलों और वकीलों को अत्यधिक समय, धन और ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। गरीबी और संसाधनों की कमी वाले लोगों के लिए यह एक बड़ा बोझ बन जाता है।इलाहाबाद में एक मुकदमे के लिए जाने का मतलब है, न केवल यात्रा का खर्च, बल्कि वहाँ रहने और खाने का भी खर्च। इसके अलावा, वकीलों की फीस भी अधिक होती है। यह सब मिलकर गरीब और मध्यम वर्ग के लिए न्याय को बहुत महंगा बना देता है।

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### इन्साफ



तीन आदमियों ने एक ही प्रकार का अपराध किया था किन्तु राजा विक्रमादित्य ने सभी को भिन्न दंड दिया अर्थात् एक को तो बुला कर इतना ही कहा कि तुम जैसे भले आदमी को ऐसा करना शोभा नहीं देता। दूसरे को बुला कर बुरा-भला कहा और कुछ झिडक़ा भी। तीसरे को काला मुँह कराकर गधे पर सवार कराया और पूरे नगर में फिराया। किसी ने पूछा कि महाराज! अपराध तो एक ही तरह का था, परंतु आपने इन्हें अलग-अलग तरह का दंड क्यों दिया? विक्रमादित्य ने उत्तर में कहा कि अच्छा तीनों का समाचार मँगवाओ और देखो वे क्या करते हैं। सूचना मिली कि जिस व्यक्ति को केवल उसके अशोभनीय होने की कही थी, वह ज़हर खाकर मर गया। जिसको बुरा-भला कहा था, वह घर-बार छोडक़र चला गया; मगर तीसरा आदमी पोशाक बदलकर शराब के नशे में बेधडक़ जुआ खेल रहा है। दरबारी को राजा की न्याय-नीति और अपराधियों की प्रकृति पहचानकर दंड देने का विधान जानकर बहुत प्रसन्नता हुई।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# कैसे होती है लंग्स कैंसर की शुरुआत? जानें फेफड़ों के कैंसर के शुरुआती लक्षण

कैंसर कई तरह का होता है, लेकिन फेफड़ों का कैंसर दुनिया में सबसे ज्यादा मौतों का कारण बनने वाला कैंसर है। फेफड़ों का कैंसर तब होता है, जब फेफड़ों में कोशिकाएं असामान्य रूप से विभाजित और बढने लगती हैं। ये कोशिकाएं ट्यूमर बनती है, जो आगे चलकर कैंसर का रूप ले लेता है। समय पर इलाज ना मिलने से रोगी की मृत्यु भी हो सकती है। फेफड़ों का कैंसर मुख्य रूप से दो प्रकार का होता हैः नॉन-स्मॉल सेल और स्मॉल सेल । 85प्रतिशत से अधिक मामलों में नॉन-स्मॉल सेल प्रकार पाया जाता है, जबकि 15प्रतिशत में स्मॉल सेल कैंसर देखा जाता है। नॉन-स्मॉल सेल धीरे-धीरे और स्मॉल सेल बहुत तेज़ी से फैलता है। फेफड़ों का कैंसर होने पर शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देते हैं। लेकिन शुरुआती स्टेज में इसके लक्षण बहुत हल्के या न के बराबर होते हैं, जिससे लोग इसे सामान्य खांसी-जुकाम समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। जब तक बीमारी का पता चलता है, तब तक यह शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल चुकी होती है। ऐसे में, अगर आपको लगातार खांसी या सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो इसे भूलकर भी नजरअंदाज न करें। आज इस लेख में डॉ. शुभम शर्मा, कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी, नारायणा अस्पताल, जयपुर से जानेंगे लंग्स कैंसर के शुरुआती लक्षणों के बारे में। फेफड़ों के कैंसर के ज्यादातर मामलों में धूम्रपान ही प्रमुख कारण देखने को मिलता है। हालांकि, इसके कई और कारण भी हो सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपका काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो आप उसे पूरा करने के बाद ही फुर्सत लेंगे और अपनी जिम्मेदारियों को निभायेंगे।

**वृष**
आज आपको अपने बेफिजूल के खर्चों को करने से बचना होगा। परिवार में किसी बात को लेकर सदस्यों में कोई गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। आपका किसी वाद-विवाद को लेकर मन परेशान रहेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए किसी नए प्रोजेक्ट के मिलने से काफी खुश होंगे। बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, कुछ उतार-चढ़ाव यदि आए थे, तो उससे आपका कोई नुकसान हो गया था, उसकी भी भरपाई हो सकती है।

**कर्क**
आज आप काम को लेकर पूरी मेहनत दिखाएंगे और आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ सकते हैं। परिवार में सदस्य भावनात्मक रूप से दूसरे से जुड़ेंगे।

**सिंह**
आज आप अपने काम से लोगों का दिल जीतेंगे। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढऩे से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आपकी किसी बड़ी डील के फाइनल होने से आप अपने घर किसी पार्टी का आयोजन भी कर सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी और आप अपने कामों में एक-दूसरे का साथ पाकर काफी खुश होंगे।

**तुला**
आज आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जो आपकी टेंशन का कारण बनेगा। आपको इधर बैठकर खाली समय व्यतीत करने से बचना होगा। आपके मन में किसी बात को लेकर संशय बना रहेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। संपत्ति को लेकर यदि कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो उसके भी दूर होने की संभावना है।

**धनु**
आज आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। आपको किसी की याद सता सकती है। आपको अपने बॉस की बातों को इग्नोर करने से बचना होगा। जो लोग सिंगल हैं।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपका मनोबल भी अच्छा रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, तो उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**कुंभ**
आज आपको अच्छी सोच का लाभ मिलेगा। धन धान्य में वृद्धि होने से आपको खुशी मिलेगी। जीवनसाथी को किसी दूसरी नौकरी से बुलावा सकता है, उनके करियर को लेकर आपको काफी खुशी होगी।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का एक दूसरे पर विश्वास बना रहेगा और आप अपने कामों को लेकर भी काफी सख्ती दिखाएंगे, जिससे वह आसानी से और सम पर पूरे हो जाएंगे।

## टोडारायसिंह में खाद्य सुरक्षा टीम ने की बड़ी कार्रवाई, 300 किलो पान मसाला, 126 किलो टोस्ट और 35 कार्टन टेड़ेमेड़े किए सीज

बढ़ता राजस्थान



**टोडारायसिंह/टोंक (उमाशंकर शर्मा)।** त्योहारी सीजन से पहले जिलेभर में मिलावटखोरों के खिलाफ शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत टोडारायसिंह में सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मिलावटखोरों के खिलाफ शिकंजा कस दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल गुर्जर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र के व्यापारियों में हडक़ंप मचा दिया। टीम ने महेंद्र किराना स्टोर पर छापा मारकर खाद्य सामग्री के नमूने लिए और संदिग्ध माल को मौके पर ही सीज कर दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने 15 कट्टों में भरे 300 किलो विमल पान मसाला, 126 किलो जयपुरी ब्रांड टोस्ट और 35 कार्टन टेंडेमेडे जब्त किए। इन सभी उत्पादों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। फिलहाल सभी सामानों को जांच रिपोर्ट आने तक सील कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल गुर्जर ने बताया कि मिलावटखोरों के खिलाफ यह कार्रवाई अभियान का हिस्सा है और आगे भी लगातार कार्रवाईयां जारी रहेगी। उन्होंने कहा, आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पूरी कार्रवाई टोडारायसिंह थाना पुलिस की मौजूदगी में की गई। जिससे प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। टीम ने स्टोर से विमल पान मसाला, जयपुरी टोस्ट और टेंडेमेडे के अलग-अलग नमूने लिए हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चिकित्सा विभाग ने खाद्य पदार्थों के लिए नमूने, 298 किलो पान मसाला विमल, 35 कार्टून टोस्ट, 21 कार्टून कुरकुरे को किया सीज



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शादियों के सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला एवं जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गठित टीम द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर के नेतृत्व में टोंक जिले के टोड़ारायसिंह उपखंड में महेंद्र किराना स्टोर जयपुर रोड़ धाकड़ कॉलोनी में स्थित दुकान पर छापा मारकर पान मसाला विमल ब्रांड, टोस्ट जयपुरी ब्रांड, प्रॉपराइटरी फूड कुरकुरे टेढे मेढे ब्रांड का नमूना लेकर शेष बचे हुए लगभग 298 किलो पान मसाला विमल, 35 कार्टून कुरकुरे व 21 कार्टून टोस्ट को जांच रिपोर्ट आने तक नियमानुसार सीज कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्दगी दी गई। उक्त सभी खाद्य पदार्थों को मिलावट का अंदेशा होने के कारण ऐक्ट के अंतर्गत नियमानुसार सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुर्जर ने बताया की शादियों के सीजन तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ रामेश्वर प्रसाद, तिलक वर्मा, जितेंद्र व पुलिस कार्मिक आदि उपस्थित रहे।

## चाइल्ड हेल्पलाइन टीम कर रही है स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** चाइल्ड हेल्पलाइन टोंक द्वारा सोफिया पब्लिक स्कूल मोती बाग रोड़ टोंक में बाल संरक्षण के मुद्दों पर जानकारी दी । इस दौरान परियोजना अधिकारी चाइल्ड हेल्प लाइन टोंक कमलेश सैनी व नवल खान सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई बाल अधिकारिता विभाग टोंक के मार्गदर्शन में चाइल्ड हेल्प लाइन टीम से सुपरवाइजर निसार अहमद ने बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन किस प्रकार से काम करती है, यह आपातकालीन फोन सेवा 1098 के बारे में जानकारी दी। नवल खान ने बच्चों को सरकारी योजनाओं, भिक्षावृत्ति, बाल मजदूरी, बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी तथा बाल विवाह की शपथ दिलवाई व बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए बताया गया । स्कूल निदेशक शब्बीर मियां नागौरी ने बच्चों को कोई भी समस्या होने पर आप चाइल्ड हेल्पलाइन के नंबर 1098 पर जानकारी दे सकते हैं । इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से सुपरवाइजर राजू चौधरी केस वर्कर, राकेश शर्मा व स्कूल स्टाफ से मुराद नागौरी, अनिल गौतम एवं नजमा खान आदि मौजूद थे।

## देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेश गुर्जर को किसानों ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में देवधाम जोधपुरिया के भगवान देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के नवनियुक्त अध्यक्ष तहसीलदार नरेश गुर्जर को राजस्थानी परंपरा से माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया एवं किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह पलेई ने बताया कि देवधाम जोधपुरिया के देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेश गुर्जर का राजस्थानी परंपरानुसार माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान किसानों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई। किसान महापंचायत प्रतिनिधियों ने तहसीलदार गुर्जर से किसानों के फसल खराबे का मुआवजा दिलवाने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी, जिलाध्यक्ष गोपीलाल जाट, कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी, महासचिव गोविंदराम चौधरी, दुलाराम प्रजापत, बाबूलाल मीणा, लक्ष्मणलाल मीणा, राजाराम पहाड़ी, शंकरलाल मीणा मूंडिया, गिर्राज देगड़ा, जगदीश रैगर व सियाराम चौधरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।



### 250 गांवों के किसानों की फसलों पर संकट

# दौलतपुरा बांध की पाल टूटी, ओगाल फटने से बहा हजारों लीटर पानी

बढ़ता राजस्थान



**पीपलू/टोंक (ओपी शर्मा)** उपखंड क्षेत्र के दौलतपुरा बांध में सोमवार तडक़े बड़ा हादसा हो गया। ओगाल के पास मिट्टी धंसने से बांध की पाल टूट गई, जिससे ओगाल फट गया और हजारों लीटर पानी तेज़ी से बह निकला। अचानक हुए तेज़ बहाव से आसपास के खेतों में पानी भर गया और ग्रामीणों में भय तथा आक्रोश दोनों का माहौल बन गया।सूचना के बावजूद प्रशासन मौके पर देर से पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक अधिकारी पहुंचे, तब तक काफी पानी बह चुका था। बाद में बरौनी थाना पुलिस और सहायक अभियंता भवानी शंकर वर्मा मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार, दौलतपुरा बांध की भराव क्षमता 13 फीट है और इससे करीब 250 गांवों के किसान अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं। ओगाल फटने से अब इन किसानों की फसलों पर संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। बांध में लंबे समय से जगह-जगह रिसाव हो रहा था और मिट्टी कमजोर हो चुकी थी, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते देखरेख की जाती, तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता। घटना की जानकारी मिलते ही पीपलू उपखंड अधिकारी गणराज बडगोती, तहसीलदार कैलाश मीणा सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायज़ा लिया। इस दौरान भोलू राम जाट, सरपंच पति राजेश चौधरी, सरपंच जौला, सिंचाई अध्यक्ष कजोड़ मल जाट, सावर मल जाट, सलीम डारडा तुर्की, पहलाद जौला, युसुफ, सीताराम गुर्जर, सुनील जागीड, रामावतार व किशन पप्पू सहित अनेक ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से बांध की तत्काल मरम्मत और भविष्य में मजबूत सुरक्षा इंतज़ाम करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये के बजट के बावजूद विभाग की लापरवाही अब किसानों पर भारी पड़ रही है।

## अखिल भारतीय रैगर महासभा की बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** अखिल भारतीय रैगर महासभा की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महासभा सदस्य मुकेश कराडिया ने बताया कि जिला महासभा के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय मालपुरा मे 28 दिसंबर को षष्टम जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। सभी तहसील अध्यक्षो को आवेदन पत्र उपलब्ध करवाते हुए पात्र प्रतिभाओ से भरवाकर अंतिम 10 दिसम्बर 2025 तक जिले पर उपलब्ध करवाने होंगे। सभी तहसील अध्यक्षों को राशि संग्रहण के लिए रसीद बुक उपलब्ध करवाते हुए लक्ष्य आवंटित किये गए। महासभा के निर्णय 14 अक्टूबर 2008 के अनुसार ग्राउंड फ्लोर के निर्माण में जिन भामाशाहों द्वारा रूपये 5100 रूपये या उससे अधिक का आर्थिक सहयोग किया था तथा राशि बकाया हैं, शीघ्र महासभा के खाते में 20 नवम्बर तक जमा करवाये। उक्त तिथि के बाद भामाशाओं से किये गए वादे के मुताबिक ताकि उनके नामों का शिलालेख लगवाया जाएगा। समाज के ग्रुप पर दानदाताओं की सूची समाज के ग्रुप पर पोस्ट कर दी गई हैं, नाम पते में कोई संशोधन हो तो अवगत करवाने का कष्ट करें। अन्यथा जैसा सूची में नाम हैं, वैसा ही अंकित किये जाने पर स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश धवलपुरिया, राम नारायण बाड़ोलिया, रामकरण फुलवारिया, रविराय परसोया, कल्लू लाल चोमिया, महेन्द्र मानोलिया, रामेश्वर प्रसाद जाबडोलिया, बजरंग लाल वर्मा, पन्नालाल वर्मा, मोतीलाल रैगर, सुरेश कुमार वर्मा, हरिराम बड़ीवाल, रामजीलाल वर्मा, मनराज वर्मा एवं मुकेश कराडिया आदि मौजूद थे।

## श्री नामदेव छीपा समाज हितकारिणी समिति जिला टोंक की त्रै-मासिक बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** श्री नामदेव छीपा समाज हितकारिणी समिति जिला टोंक की त्रै-मासिक बैठक तथा दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन श्री नामदेव छीपा समाज भवन में किया गया । सर्वप्रथम श्री नामदेव महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में पधारे सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों, आगंतुकों का दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया गया । तत्पश्चात जिला अध्यक्ष सत्यनारायण नामा द्वारा टोंक जिले में सभी तहसीलों में तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। उनियारा से रामधन नामा, देवली से महेंद्र नामा, निवाई से श्याम लाल नामा, पीपलू से लक्ष्मण नामा, मालपुरा से ओमप्रकाश नामा, टोड़ारायसिंह से बद्री लाल नामा, दूनी से दुर्गा लाला नामा, नगरफोर्ट से गणेश नामा एवं टोंक ब्लॉक से रजनीकांत नामा को तहसील अध्यक्ष बनाया गया। सभी तहसील अध्यक्ष आगामी एक माह में अपनी कार्यकारिणी का गठन करेंगे। अगली त्रै-मासिक बैठक देवली ब्लॉक में फरवरी माह में आयोजित की जाएगी। महामंत्री मनीष नामा द्वारा दिए गए प्रस्ताव में श्री नामदेव छीपा समाज जिला टोंक की जनगणना करने की सर्व सम्मति से पारित किया गया। साथ ही साथ विश्वकर्मा योजना में छीपा जाति को शामिल करवाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर वयोवृद्ध समाज सेवी सूरज नामा, रामबाबू नामा, रामपाल नामा, राजेश नामा, पुरुषोत्तम नामा, दीपक नामा, किशन लाल नामा, आशीष नामा, महेश नामा, ओमप्रकाश नामा, रतन लाल नामा, सुरेंद्र नामा, घासीलाल नामा, श्याम लाल नामा, भगवान दास नामा, मनीष नामा, डॉ. 0प्रदीप गहलोत, डॉ. बी. एल. नामा, चंद्रमोहन नामा, राजू लाल नामा, उमेश नामा, रामचंद्र नामा आदि मौजूद थे।

## आपदा प्रबंध पर कार्यक्रम आयोजित किया

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** राजकीय महाविद्यालय टोंक में आपदा प्रबंध पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एनडीआरएफ टीम ने कैडेट्स व संकाय सदस्यों को आपदा के प्रकार व बचाव के तरीके सिखाए । एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद बाकिर हुसैन ने बताया कि प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता व इंस्पेक्टर राजेश मालावत के निर्देशन में कार्यकम आयोजित हुआ। प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा प्रशिक्षण कैडेट्स में आत्मविश्वास पैदा करता है तथा इससे वो देशसेवा के लिए तत्पर रहते है। उन्होंने कैडेट्स को आमजन व ग्रामिणों में आपदा से बचाव की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रेरित किया । टीम के प्रशिक्षण अधिकारी सहायक इंस्पेक्टर कैलाश चंद बाना ने कैडेट्स को प्रशिक्षण में भूकंप, बाढ़ एवं आगजनी जैसी स्थितियों में सुरक्षा उपायों के विषय में जानकारी प्रदान के साथ घरेलू संसाधनों से सहायता करने के तरीके बताए व इससे संबंधित टूल्स से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त कैडेट्स को स्नेक बाइट, सीपीआर, प्राथमिक उपचार व जीवन रक्षक तकनीकें सिखाई। कार्यक्रम के अन्त में इंस्पेक्टर राजेश द्वारा कैडेट्स से संवाद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर संकाय सदस्य श्योजी लाल बैरवा, प्रो. रजनी तसीवाल, प्रो. रशीद मियां, डॉ. नीतू चैधरी, डॉ. कजोड़ लाल बैरवा, डॉ. कन्हैया चावला, मोहम्मद हनीफ, पिंकी कुमारी मीणा , राजकुमार मीणा, वन राज बटालियन के सेरिंग जॉर्जे जिला समन्वयक अनिल मीना, फायर इंचार्ज शैतान मीणा, सहायक उपनिरिक्षक देवनारायण गुर्जर व एनसीसी कैडेट्स आदि मौजूद थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का निर्वाचन अधिकारी प्रीति मीणा ने किया निरीक्षण

### बीएलओ को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत उपखंड क्षेत्र में चल रहे कार्यक्रम का सोमवार को एसडीएम व निर्वाचन अधिकारी प्रीति मीणा ने निरीक्षण किया। निर्वाचन अधिकारी प्रीति मीणा ने कृषि उपज मण्डी, मायला बाग व गणगौरी बाजार में स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओं को गणना प्रपत्र वितरण करने के दौरान मतदाताओं को सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुडी प्रत्येक प्रक्रिया को सटीकता और पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान बीएओ को तकनिकी समस्याओं के समाधान में आ रही समस्याओं को लेकर व पुनरीक्षण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर बीएलओ कुलदीप पाराशर व रवि वर्मा सहित कई बीलओ द्वारा शहर में घर-घर पहुंचकर पुनरीक्षण कार्य का सफल आयोजन किया।

## जिनके मकान नहीं है वह नगर पालिका में करें आवेदन- दिलीप इसरानी

### 101 पात्र लोगों को 50 लाख 50 हजार रूपए के चैक जारी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** नगरपालिका कार्यालय में शहरी सेवा शिविर के फॉलोअप केंप का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 101 पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 50-50 हजार रुपये की राशि जारी की। जिससे लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि सभी 35 वार्डो में करोड़ों रूपए के सीसी रोड सहित कई विकास कार्य हुए हैं। जिनका शहरवासियों को पूरा-पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो के लिए नगर पालिका में पैसों की कमी नहीं है। कॉलोनियों में कोई भी समस्या हो तो अवगत करवाएं। जिनका तुरन्त समाधान किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि जिनके मकान नहीं है, वह नगर पालिका में आवेदन कर सकते हैं। ऐसे पात्र व्यक्तियों के मकान बनाने के लिए ढाई लाख रूपए सरकार देगी। उन्होंने बताया कि शिविर में 50 लाख 50 हजार रूपए के चैक जारी किए गए है। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट व सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश मीणा ने बताया कि शहरी सेवा शिविर तहत नगरपालिका कार्यालय में आयोजित फॉलोअप केंप में प्राप्त आवेदनों व प्रकरणों का निस्तारण करके पात्र व्यक्ति को लाभांवित किया गया। इस अवसर पार्षद बाबूलाल सैनी, शंकरलाल सैनी, कमलेश किराड़, अल्लाहरखा देशवाली, करण सिंह, सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश मीणा, स्वास्थ्य निरीक्षक गजेन्द्रसिंह, कनिष्ट अभियंता पप्पूलाल मीणा, हनुमान गुर्जर, रोडूमल सैनी, बाबू पण्डा, पवनकुमार वर्मा, नरेगा कनिष्ट अभियंता निशांत जैन, राहुल सेन, मनोज जैन व केदार गुर्जर सहित कई पार्षद व पालिका के कर्मचारी मौजूद थे।

## 19वें अंतर्राष्ट्रीय कलापर्व क्रेयॉन का समापन समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** अंतरंग कला एवं एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी टोंक एवं राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 19वें अंतर्राष्ट्रीय कलापर्व क्रेयॉन का समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता एवं जिला प्रमुख सरोज बंसल रही। कार्यक्रम में अतिथि कलाकार के रूप में नाथूलाल वर्मा वरिष्ठ चित्रकार एवं पूर्व प्रोफेसर राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, मनोज प्रजापति वरिष्ठ चित्रकार शांतिनिकेतन कोलकाता, हरि सिंह भाटी वरिष्ठ चित्रकार जोधपुर, श्रीमती सुनैना ठाकुर वरिष्ठ चित्रकार नेपाल, ऐवगेनी लोबानोव असिस्टेंट प्रोफेसर संेट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी रूस, सोफिया शमनोवा लेक्चरार संेट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी रूस रहे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रूपनारायण चौधरी निदेशक आर. एन. शिक्षा समिति टोंक रहे। सर्वप्रथम पधारे हुए सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया। इसके पश्चात सभी आगंतुक अतिथियों का कला पर्व संयोजक डॉ. हनुमान सिंह राजावत एवं उनकी टीम के सदस्यों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कला रत्न पुरस्कार नाथू लाल वर्मा वरिष्ठ कलाकार जयपुर, राम जेसवाल वरिष्ठ कलाकार अजमेर, ऐवगेनी लोबानोंव रूस, सोफिया शमनोवा रूस को प्रदान किया गया। राष्ट्रीय कला रत्न पुरस्कार रणवीर सिंह ठाकुर जम्मू- कश्मीर, प्रबुद्ध घोष पुणे महाराष्ट्र, चक्रधर नारायण राव हिवसे, जसप्रीत मोहन सिंह लुधियाना पंजाब, सुरेंद्र बी. जगताप मुंबई महाराष्ट्र, डॉ. सुशील निंबार्क उदयपुर राजस्थान, डॉ. रंजन कुमार मल्लिक ओडीशा, राजेंद्र कुमारए यमुनानगर हरियाणा, अजीत नगरकर मुंबई महाराष्ट्र, अशोक डी. सीजू कच्छ गुजरात को प्रदान किया गया। राष्ट्रीय महिला कलारत्न पुरस्कार सुभा प्रकाश वेद इंदौर, उमा चौहान जोधपुर, पूनम सोनी लखनऊ, प्रीतम भट्टाचार्य कोलकाता, डॉ. रेखा भटनागर जयपुर को प्रदान किया गया। राज्य कलारत्न डॉ. शाहिद परवेज उदयपुर, डॉ. नम्रता स्वर्णकार जोधपुर, डॉ. प्रशिका वशिष्ठ नाथद्वारा एवं विनीता शर्मा जयपुर को प्रदान किया गया। मंगलदीप, श्रीगंगानगर एवं विनोद कुमार जयपुर को कला रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शैलेन्द्र शर्मा व वर्तिका शर्मा को टोंक कला रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कला पर्व समिति के जसवंत सिंह नरूका, मनोज टेलर, पुष्पेंद्र जैन, ताराचन्द शर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, शाहिद नकवी, महेश गुर्जर, उमेश साहू, शाईस्ता खान, महेश शर्मा, शेख यावर हबीब, जितेन्द्र रघुवंशी मोनू बंजारा, डालचन्द महावर, अमिता जैन, अनामिका शर्मा, लालचन्द, पूनम सालोदिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम कां मंच संचालन सुश्री उमा हाडा एवं शैलेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

# आबकारी के पास गिनती के बड़े केसेज, टारगेट के लिए हथकढ़

## गुजरात सीमा क्षेत्र होने पर भी नहीं पकड़ पा रहे बड़े मामले

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** गुजरात सीमा से सटा जिला होने के बावजूद आबकारी महकमा शराब तस्करी रोकने में ज्यादा सफल नहीं हो पा रहा है। शराब भरे वाहन पकड़ने की दिशा में शायद गंभीरता से प्रयास ही नहीं किए जा रहे। पिछले कुछ महीनों का ही रिकॉर्ड देखा जाए तो पुलिस ने कई वाहन पकड़े हैं। इन वाहनों में भरी लाखों रुपए मूल्य की शराब भी जब्त की है। वहीं, आबकारी महकमे के पास महज गिनती के केसेज ही है। इस सम्बंध में जिला आबकारी से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो पाई।

### इनके पास महज गिने-चुने मामले

आबकारी महकमे के पास तीन-तीन वृत्त क्षेत्र और तीन-तीन थाने होने के बावजूद तस्करों के वाहन इनकी पकड़ से दूर ही है। आंकड़े दर्शाने के लिए भी महज गिने-चुने मामले ही इनके पास होंगे। ऐसे में मासिक टारगेट भी आमतौर पर हथकढ़ पकड़कर पूरे कर रहे हैं।

### कभी-कभार ही हाथ आ रहे मामले

आबकारी महकमे ने हाल ही में रेवदर क्षेत्र में शराब भरी कार जब्त कर एक उपलब्धि हासिल की, लेकिन आमतौर पर इस तरह के मामले इनके हाथ कभी-कभार ही लग पाते। या यूं भी कह सकते है कि अंधे के हाथ कभी बटेर लग भी जाती है। यहां तक कि इस कार को पकड़ने के लिए पूरे जिले के अधिकारी यहां लगा दिए गए।

### आसानी से गुजरात जा रही शराब

बताया जा रहा है कि दिल्ली पासिंग कार में हरियाणा निवासी युवक माल लेकर गुजरात के लिए निकला था। इतने जिले पार करते हुए गुजरात बॉर्डर तक पहुंच गया। इसके बावजूद कहीं भी न तो पुलिस के हाथ लगा और न आबकारी को भनक लगी। इस रास्ते से शराब भरे कितने वाहन पार होते होंगे सोच सकते है।

# पुलिस अपनी परिवेदना लेकर आने वाले लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराए- बैरवा

## सीताराम वैरवा ने संभाला डीग पुलिस उपाधीक्षक का कार्यभार



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी सीता राम बैरवा ने सोमवार को डीग सी ओ पद का कार्यभार संभाल लिया है। बैरवा ने कार्यभार संभालने के बाद डीग पुलिस वृत में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर थाना प्रभारीयो को लंबित प्रकरणों का त्वरित गति से निस्तारण करने वांक्षित आरोपियों को गिरफ्तार करने , रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने और पुलिस चौकियों पर होकर गुजरने वाले वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपनी फरियाद लेकर थाने पर आने वाले लोगों की बात पुलिसकर्मी पूरी तसल्ली से सुनकर उन्हें तत्काल इमदाद उपलब्ध कराए। बैरवा ने भास्कर से बात करते हुए कहा कि महिला उत्पीड़न , कमजोर लोगों पर अत्याचार ,साइबर ठगी पर अंकुश लगाते हुए कानून और शांति व्यवस्था बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। बैरवा 1999 से 2002 तक भरतपुर जिले के डीग , कामा ,नगर ,पहाड़ी,नदबई,सेवर,चिकसाना, गढ़ी वाजना,वैर में पुलिस अधिकारी और भुसावर में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके है।

# प्रेमिका के वियोग में प्रेमी का खौफनाक कदम, कार में लगाई आग, जिंदा जलकर मौत

## तीन साल से लिव-इन में रह रहे सुरजीत सिंह ने प्रेमिका के घर के पास कार में आग लगाकर दी जान



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** प्रेमिका के वियोग में प्रेमी ने खौफनाक कदम उठाया । तीन साल से लिव-इन में रह रहे सुरजीत सिंह ने प्रेमिका के घर के पास कार में आग लगाकर जान दे दी । श्रीगंगानगर में पावनधाम कॉलोनी में सोमवार सुबह करीब 11 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक ने अपनी कार में आग लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर जोरदार धमाका हुआ और कार आग के गोले में तब्दील हो गई। घटना जस्सासिंह मार्ग स्थित पावनधाम मंदिर के पास हुई। पुलिस ने मृतक की पहचान पंजाब निवासी सुरजीत सिंह के रूप में की है। जानकारी के अनुसार, सुरजीत सिंह पिछले तीन साल से हनुमानगढ़ में अपनी प्रेमिका के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। दोनों के बीच कुछ समय से अनबन चल रही थी। एक सप्ताह पहले प्रेमिका अपने परिजनों के पास श्रीगंगानगर लौट आई थी और उसने हनुमानगढ़ की सुरेसिया पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि सुरजीत उसे परेशान करता है। रविवार को सुरजीत श्रीगंगानगर आया और सेतिया पुलिस चौकी में जाकर प्रेमिका को वापस ले जाने की जिद की, लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। सोमवार सुबह सुरजीत ने अपनी कार में पेट्रोल डाला और प्रेमिका के घर के पास ही आग लगा ली। कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। राहगीरों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृतक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस के अनुसार, सुरजीत का यह कदम प्रेमिका के वियोग में उठाया गया आत्मघाती कदम प्रतीत होता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# नरसिंहपुरा में पटेल जयंती पर किया एकता मार्च पदयात्रा का आयोजन

# लौह पुरुष की तरह मजबूत बनें युवा : सुमित गोदारा



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व मेरा युवा भारत श्रीगंगानगर द्वारा लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता मार्च पदयात्रा का आरंभ पदमपुर उपखण्ड के गांव नरसिंहपुरा के शिव मंदिर से किया गया। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों द्वारा सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग व उपभोक्ता मामले मंत्री, राजस्थान सरकार एवं जिले के प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने युवाओं को विकसित भारत का संचालक बनने व आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान का आहवान किया। गोदारा ने युवाओं को आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत @2047 के अंतर्गत युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। पूर्व मंत्री सुरेंद्रपालसिंह टीटी ने भी सभा को संबोधित किया। पदयात्रा को मंत्री गोदारा, पूर्व मंत्री टीटी, पूर्व विधायक रायसिंहनगर बलवीर लूथरा, जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह मान, पदमपुर एसडीएम अजीत गोदारा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शिव मंदिर नरसिंहपुरा से शुरू होकर, माँझुवास होते हुए ग्राम पंचायत 34 एलएनपी में गुवाड़ में समाप्त हुई। समापन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शरण पाल सिंह मान ने युवाओं को संबोधित किया। रैली के दौरान तिरंगे, तख्तियों और सरदार वल्लभ भाई पटेल के कार्यों का उल्लेख करते हुए आमजन में एकता व अखण्डता का संदेश दिया गया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। छात्राओं को स्मृति देकर पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन अंग्रेज सिंह एवं ताराचंद द्वारा किया गया। मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक पवन शर्मा का योगदान रहा। कार्यक्रम में विकास अधिकारी श रामदेव जांगिड़, मेरा युवा भारत केन्द्र श्रीगंगानगर के उपनिदेशक भूपेन्द्र सिंह शेखावत, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गिरिजेश कांत शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक) सत्यप्रकाश टेलर, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय( प्रारंभिक) हीरालाल बिश्नोई, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पदमपुर राजेंद्र मुंजाल, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉ.मधु वर्मा, एनएसएस, श्री राकेश कुमार गौरा, श्रीमती रानी देवी, श्री सतपाल माँझु, प्रेम झटवाल, श्रीमती सुरुचि बंसल, श्रीमती ममता खत्री, हिंदुस्तान स्काउट व गाईड राजस्थान राज्य के सी.ओ संदीप मांझू, एनसीसी, मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक, स्कूल शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग के युवा व आमजन उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए बीएलओ को एसआईआर कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश

## ईएफ वितरण कार्य का निरीक्षण कर मतदाताओं को बताई एसआईआर की विस्तृत जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्रीगंगानगर जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने गंगानगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में ईएफ वितरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से अब तक वितरित किये गए ईएफ की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिद्धि-सिद्धि प्रथम, जगदम्बा कॉलोनी, हरदीप सिंह कॉलोनी सहित विभिन्न स्थानों में ईएफ वितरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएलओ के साथ वार्ता कर एसआईआर की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि अधिकाधिक मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने घरों में भी पहुंचकर मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उक्त कार्य में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि ईएफ में मांगी जा रही जानकारी देकर मतदाता लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है। इससे कोई भी पात्र नागरिक छूटे नहीं और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल नहीं रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मैपिंग होने वाले 40 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को प्राथमिकता से देखा जाना चाहिए। स्थानीय सुपरवाइजर बीएलओ के कार्य की नियमित समीक्षा करें। कम प्रगति



वाले बीएलओ के साथ स्वयंसेवकों को लगाया जाए। मैपिंग से शेष बचे मतदाताओं की सूचना तैयार करने के लिए बीएलओ को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाताओं की मैपिंग के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाएं। ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र ऑनलाइन भरवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुभाष कुमार, रवि शंकर सहित अन्य मौजूद रहे।

# जीवन में आगे बढ़ते रहें, किसी भी परिस्थिति में हार न मानें

## हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** हॉकी इंडिया व हॉकी राजस्थान के तत्वावधान में हॉकी सिरोही की ओर से खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। यहां सेंट पॉल स्कूल हुए कार्यक्रम को लेकर खिलाड़ियों में उल्लास बना रहा। हॉकी सिरोही के सचिव रणजी स्मिथ व कोषाध्यक्ष अयूब खान पठान ने बताया कि समारोह में 50 खिलाड़ियों व दस प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय पैरा अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी इंडियन टेबल टेनिस गोल्ड मेडलिस्ट मधुराम देवासी रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन में किसी भी परिस्थिति में हार नहीं माननी चाहिए। सफलता तभी मिलती है जब परिश्रम और अनुशासन से कार्य करते रहे। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा, आईआईटी निदेशक डॉ.सुनीता जैन, राजस्थान फुटबाल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मांगीलाल काबरा, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष जितेंद्रसिंह चौहान, घनश्यामसिंह देवड़ा, जूडो रैफरी आरएस राजपूत, छोटेलाल चौरसिया आदि ने सिरोही में पहली बार हुए इस तरह के समारोह को लेकर आयोजन समिति को साधुवाद दिया। इस दौरान अध्यक्ष संजय अग्रवाल, डॉ.गायत्रीप्रसाद, शारीरिक शिक्षक व्याख्याता लखमारामआदि मौजूद रहे। मंच संचालन दिलीप शर्मा ने किया।

### राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ी सम्मानित

समारोह के दौरान राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसमें कोच भारत धवल, लकमाराम मेघवाल, आरएस राजपूत, अर्जुनसिंह, प्रतापराम मेघवाल, मुकेशकुमार, शैतान स्वरूप, अमित खान, नंदा मीणा, भावना पटेल, रणजीत सिंह, राकेश कुमार, डॉ मधु शेखावत, हितेश प्रजापत, भैराराम, राकेश कुमार, चिराग एवं खिलाड़ी सानिया लोहार, सुरेशकुमार सैन, अंकितासिंह, रणजीतसिंह, जवानाराम, संजय राणा, अश्विनकुमार, मोहित, मनोहरसिंह, सूरजपालसिंह, राहुल पुरोहित, जावेद हुसैन, मुकेशकुमार चौधरी, कुणाल लालवानी, जयेश आदिवाल, गणेशकुमार, हुनरकुमार चौधरी, तानिया सैन, निहारिका, पृथ्वीराज, अरविंद मीणा, शैल सुनर्या, समीक्षा सोनी, महिषा कला, किशन यादव, उत्कर्षा चौरसिया, मिथलेश कुंवर, पूजाकुमारी, पंकजकुमार, पुरियाकुमारी, सुमितकुमार, खुशी प्रजापत, संजय चौहान, मोइनुद्दीन, मोहम्मद अनस, दिशा रावल, खुश्बू सोढ़ा को सम्मानित किया गया।

# अधिकारियों के हस्तक्षेप से ही हो रहे शहर के रूटीन वर्क भी

## नगर परिषद से सटा नाला लम्बे समय से रहा अवरुद्ध, प्रशासक के निर्देश पर हुई सफाई

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल खत्म होने के बाद नगर परिषद की कमान अब प्रशासक के हाथों में हैं। लेकिन, नगर परिषद के अधिकारी रूटीन कार्यों को पूरा करने में भी अक्षम नजर आ रहे हैं। शहर में अम्बेड़कर सर्किल के पास लम्बे समय से अवरुद्ध पड़े नाले को देखकर तो यही लगता है। नगर परिषद से सटा होने के बावजूद इसकी नियमित व्यवस्था तो दूर, लम्बे समय से सफाई तक नहीं हो पाई। बताया जा रहा था कि नाले से होकर बिजली लाइन जा रही है इसलिए समस्या आ रही थी। दो दिन पहले नगर परिषद के प्रशासक एडीएम राजेश गोयल ने जब शहर का जायजा लिया तब यह समस्या भी सामने आई। उनके निर्देशानुसार विभागीय अधिकारियों ने समन्वय करते हुए सोमवार को नाले में पड़ा कचरा व मलबा निकलवाया।

### लम्बे समय से नहीं हो पाई सफाई

बताया जा रहा है कि अम्बेड़कर सर्किल के पास नाले में कचरा एवं मलबा भर गया था। इससे नाला पूरी तरह से अवरुद्ध था। नाले से बिजली की अंडरग्राउंड लाइन जा रही थी, जिससे लम्बे समय से सफाई में समस्या आ रही थी। यहां तक कि आसपास से गुजरने वाले लोग भी इससे काफी परेशान थे। यह नाला नगर परिषद के पास ही है।



### समन्वय से समस्या समाधान के निर्देश

शहर में दो दिन इस नाले की समस्या भी प्रशासक के सामने आई। उन्होंने बिजली निगम व एवं नगर परिषद अधिकारियों को समन्वय से समस्या समाधान के निर्देश दिए। सोमवार सुबह साढ़े सात से नौ बजे तक बिजली लाइन बंद कर सफाई की गई। स्वच्छता निरीक्षक प्रवीणकुमार माली के निर्देशन में नाले से कचरा एवं मलबा निकाल कर पानी की निकासी सुचारू की गई। आयुक्त आशुतोष आचार्य ने खुले नाले के मुहाने को ढकवाने के निर्देश दिए गए।

# डीग जिले में एस पी ने आठ पुलिस निरीक्षकों के किए तबादले

**डीग ( नि.स. )।** एस पी डीग ओम प्रकाश मीणा ने सोमवार को प्रशासनिक कारणों से डीग जिले 8 पुलिस निरीक्षकों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन के आदेश जारी किए हैं। एस पी मीणा द्वारा जारी आदेश के अनुसार विजय सिंह मीणा (थानाधिकारी थाना डीग) को थानाधिकारी थाना सदर डीग पद पर भेजा गया है। जबकि उनके स्थान पर पुलिस लाइन से फूल चंद शर्मा को थाना कोतवाली डीग पर थानाधिकारी लगाया गया है। सुनील कुमार (थानाधिकारी थाना सदर डीग) को अपराध सहायक के रूप में पदस्थ किया गया है। शिवलहरी मीणा (थाना साइबर) को थाना खोह थानाधिकारी बनाया गया है।लाखन सिंह (पुलिस लाइन) को नगर के थानाधिकारी पद पर नियुक्त किया गया है। रामस्वरूप मीणा (पुलिस लाइन) को जनूथर थानाधिकारी के पद पर भेजा गया है।

# टेकरी ट्रस्ट में माली निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आशापुरा माता टेकरी ट्रस्ट के चुनाव में छोगाराम माली को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। ट्रस्ट की आमसभा में चुनाव कार्यक्रम हुआ। ट्रस्ट के प्रकाश बी माली ने बताया कि चुनाव अधिकारी रघुभाई व सतीश पुरोहित के समक्ष अध्यक्ष पद के लिए एक ही आवेदन प्राप्त हुआ। इस पर ट्रस्ट के सदस्यों ने सर्वसम्मति से छोगाराम माली को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुना। आमसभा में ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान ट्रस्टी लक्ष्मण सुथार, मोहनलाल माली, पूर्व व्यवस्थापक भूपत देसाई, पूर्व सभापति ताराराम माली आदि ने विचार व्यक्त किए। बैठक में गोमाराम माली, चंद्रप्रकाश दवे, गोविंदसिंह चौहान, डूंगरमल गुप्ता, घनश्याम माली, महेंद्र प्रजापत, नथमल माली, शांतिलाल माली, अशोक माली, गजेंद्रसिंह, विक्रमसिंह, पुरुषोत्तम रावल, दलपत माली, रमेश मीणा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# विप्र प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह के तहत समाज एकजुट की अपील




बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ राजस्थान ब्राह्मण महासभा व भगवान परशुराम लोक सेवक कल्याण मंच एवं ब्राह्मण नवयुवक मंडल का संयुक्त प्रतिभा सम्मान समारोह मिलन का कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास के साथ अनूपगढ़ के व्यापार मंडल में संपन्न हुआ ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केसरी चंद शर्मा (सरदारशहर) राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर व सरदारशहर थे व अध्यक्ष डॉक्टर नंदकिशोर पुरोहित पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार थे व विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल पारीक भामाशाह पवन गोड विजय मुद्गल प्रदीप ऐरी नरेश शर्मा नरेंद्र भारद्वाज हरिशंकर ठकरानी डॉक्टर रूपलाल शर्मा देशराज शर्मा डीएसपी प्रशांत कौशिक श्रीमती वैजयंती शर्मा थे कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केसरी चंद शर्मा ने समाज में रूढ़िवाद व आध्यात्मिकता पर बोलते हुए कहा कि हमें पूजा पाठ करना चाहिए पर दिखावा नहीं क्यों कर रहे हैं यह पता होना चाहिए इन्होंने समाज के नवयुवक युवतियों को घर में अच्छे संस्कार देने के लिए मातृशक्ति का आह्वान किया कि अगर बच्चे की पहली गुरु मां हो तो और संस्कारवान बनाएगी तो बच्चे गलत रास्ते पर कभी नहीं जाएंगे तथा आज जो समाज में रूढ़िवाद फैल रहा है उसे मिटाना होगा तथा हम शिपु ब्राह्मण है इस पर चलना ना की अलग-अलग गोत्रों में बंटना है ।

इन्होंने हर समय ब्राह्मण समाज के लोगों के कार्य करवाने हेतु तत्पर रहने की बात कही । कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष बनवारी लाल पारीक सचिव प्रमोद तिवारी कोषाध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा लोक सेवा कल्याण मंच के अध्यक्ष कृपा शंकर शर्मा राजेंद्र जोशी भूरा प्रसाद शर्मा नवरत्न गोड़ मुकेश शर्मा राजेंद्र गौड़ नवयुवक मंडल के अध्यक्ष पुलकित गोड़ एडवोकेट प्रदीप शर्मा मुकेश सारस्वत मीडिया प्रभारी नरेंद्र भोजक दिनेश शर्मा सरपंच प्रतिनिधि भागीरथ शर्मा भवानी शंकर शर्मा सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो विप्र बंधुओ ने भाग लिया।

## श्रीमद् भागवत प्रभात फेरी परिवार का 115वां कन्यादान कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर श्रीमद् भागवत प्रभात फेरी परिवार द्वारा 115वां कन्यादान कार्यक्रम मंगलवार सुबह रघुनाथ जी मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विवाह योग्य 148वीं कन्या का कन्यादान किया जाएगा। यह पुनीत अभियान पिछले 18 वर्षों से निरंतर जारी है। संयोजक संजय घीया ने बताया कि कन्यादान का पूरा खर्च प्रभात फेरी परिवार द्वारा वहन किया जाता है। कन्या को सोने-चांदी के आभूषण, अलमारी, पलंग, सिलाई मशीन व आवश्यक घरेलू सामान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने धर्मप्रेमी बंधुओं से कार्यक्रम में सहभागिता का अनुरोध किया।

## बांकेबिहारी मंदिर में 15 नवम्बर को एकादशी महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर सूरजपोल गेट बाहर स्थित बांकेबिहारी मंदिर में 15 नवम्बर, शनिवार को एकादशी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष माणक डाणी ने बताया कि उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर प्रातः 8:30 बजे सुलेखा-लीलाधर झा के सौजन्य से ध्वजा पूजन कर मंदिर शिखर पर फहराई जाएगी। दोपहर 3:30 बजे से अतुल कुमार सिंघल के सौजन्य से भजनोत्सव में श्री संकट मोचन आराधना परिवार के गायक नंद कुमार सैन शरद पद गायन व भजन प्रस्तुत करेंगे।

## बूंदी की शान बढ़ाने वाला नवाचार - शिक्षिका रेहाना चिश्ती की अनोखी पहल

बढ़ता राजस्थान



**जजावर (पदम शाह)।** करीबी हिंडोली ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ौदिया में सेवारत वरिष्ठ शिक्षिका रेहाना चिश्ती ने एक अनोखी पहल की है जिससे न केवल बच्चों को बूंदी उत्सव की जानकारी हासिल करने में मदद मिली बल्कि उनके अभिभावकों को भी इस उत्सव में आमंत्रित करने के साथ साथ उत्सव मे भागीदारी निभाने पर मजबुर कर दिया। गौरतलब तलब रहे रेहाना चिश्ती ने एक एनिमेटड पिक्चर्स वाली सुंदर कॉमिक बुक बनाई है, जिसे प्रशासन सहित आम जन, शिक्षा विभाग एवं गैर सरकारी संस्थाओं ने सराहना करते हुए रेहाना की इस पहल को बूंदी उत्सव के कार्यक्रम के लिए एक नवाचार बताया है। रेहाना चिश्ती ने बताया कि इस कॉमिक बुक में बूंदी उत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है, जिसमें बूंदी का इतिहास, संस्कृति, और परंपराओं के बारे में बताया गया है। कॉमिक बुक में एनिमेटेड पिक्चर्स ने बच्चों को काफी आकर्षित किया है, और उन्हें बूंदी उत्सव के बारे में जानने की जिज्ञासा बढी है।

रेहाना चिश्ती ने बताया कि मेरा उद्देश्य बच्चों को बूंदी की संस्कृति और परंपराओं से जोडना था, और उन्हें अपने शहर के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करना था। उन्होंने कहा कि यह नवाचार बच्चों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा, और उन्हें अपने शहर के इतिहास और संस्कृति के बारे में जानने में मदद करेगा। विद्यालय की प्रिंसिपल रश्मि मीणा ने बताया कि मेरे स्कूल की शिक्षिका रेहाना चिश्ती की इस पहल पर मुझे गर्व है।उन्होने कहा कि यह नवाचार बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होगा। एवं इस पहल से बच्चे अपने शहर एवं जिले की संस्कृति और परंपराओं से जुड़ पाएंगे। इस नवाचार को लेकर शिक्षा विभाग की पूर्व निदेशक तेज कंवर समग्र शिक्षा की एडीपीसी सुनिता कटारा सहित विभाग के कई अधिकारीयो एवं कर्मचारियों ने रेहाना चिश्ती की प्रशंसा करते हुए बधाई दी है।

## राष्ट्रभाव और स्वदेशी चेतना के संग गूंजा 'वंदे मातरम 150



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ब्यावर जिले में सोमवार को वंदे मातरम 150 कार्यक्रम देशभक्ति, स्वदेशी भावना और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना, स्थानीय कारीगरों का सम्मान करना तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करना रहा। जिला कलेक्टर कमल राम मीना के नेतृत्व में प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने वर्ष 2047 तक भारत को विश्व शक्ति बनाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में सभी सरकारी कार्यालयों, निकायों और पंचायती राज संस्थाओं में भी स्वदेशी संकल्प सभाएँ आयोजित की गईं।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी जयघोषों से पूरा परिसर राष्ट्रभाव से ओतप्रोत हो उठा।

## अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत द्वारा एक अनूठी पहल

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत द्वारा इस वर्ष बाल दिवस के अवसर पर एक अनूठी पहल की जा रही है, जिसके माध्यम से बच्चों की भावनाओं और विचारों को बड़ों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। क्लब ने बच्चों को हम बड़ों से क्या चाहिए? विषय पर देशभर के बच्चों से विचार आमंत्रित करने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत 14 नवम्बर 2025 से लेकर अगले बाल दिवस 14 नवम्बर 2026 तक पूरे देश में एक लाख से अधिक बच्चों के विचार विभिन्न माध्यमों से एकत्रित किए जाएंगे। क्लब के राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती अनिता डॉ. अशोक सोडाणी ने बताया कि यह पहल बच्चों के मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक तनाव को समझने और समाज के सामने उनकी वास्तविक जरूरतों को प्रस्तुत करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सबसे अधिक तनाव छोटी उम्र के बच्चों पर है। स्कूल की पढ़ाई का दबाव, समाज में बढ़ते परिवर्तन, आपसी विवाद, प्रतिस्पर्धा की भावना और सोशल मीडिया के प्रभाव ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित किया है।

# वाइब्स क्लब का दिवाली स्नेह मिलन रहा संगीत, नृत्य, फैशन और मनोरंजन से भरपूर

## वाइब्स क्लब का दिवाली स्नेह मिलन रहा संगीत, नृत्य, फैशन और मनोरंजन से भरपूर

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** वाइब्स क्लब द्वारा आयोजित रेड कारपेट पार्टी ने भीलवाड़ा शहर में उत्साह और आकर्षण का नया रंग भर दिया। चेयरपर्सन एवं संस्थापक डॉ. अर्चना अग्रवाल, अध्यक्ष एवं संस्थापक ज्योति आर्या ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वाइब्स क्लब के सदस्यों का आपसी रिश्तों को मजबूत बनाना एक दूसरे को जानना और खूबसूरत यादें संजोना है। कार्यक्रम की गरिमामयी मुख्य अतिथि रहीं श्रीमती मधु नागपाल, प्राचार्या, संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और श्रीमती श्वेता बत्रा, उप-प्राचार्या, संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस। दोनों ही अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी को प्रोत्साहित किया और क्लब के आयोजन की सराहना की। इस यादगार शाम के आयोजन में कल्चरल डायरेक्टर रीना डाड, सौम्या काबरा और विधि काबरा ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन बेहतरीन अंदाज़ में दीपांजली और सुरभि चोपड़ा ने किया, जिन्होंने अपनी ऊर्जा और हास्य से मंच को जीवंत बना दिया। शाम में रोमांचक गेम्स का आयोजन क्लब स्पोर्ट्स डायरेक्टर सुश्री मनीषा मेहता द्वारा किया गया, उन्होंने सबका भरपूर मनोरंजन किया। वाइब्स क्लब ने इस कार्यक्रम के आयोजन में क्लब के प्रत्येक सदस्य को अपने परिवार के साथ आमंत्रित करके पारिवारिक माहौल देने का प्रयास किया। अवार्ड सेरेमनी मे फैशन आईकॉन (महिला) का खिताब कृडोली नैनावटी, हरिता मलानी, श्वेता जैन, श्वेता भाटिया को, फैशन आईकॉन (पुरुष) का खिताब अनिल जागेटिया, विवेक संगतानी को, पावर पैक कपल श्रीमान एवं श्रीमती वाइब्स का खिताब मिला श्रीमान एवं श्रीमती मेघा माहेश्वरी को मिला। इस अवसर पर रुचि अग्रवाल, दिव्या जैन, शिल्पी बिरानी, डॉली नेनावटी, हीर जागेटिया, शालू अग्रवाल, पूनम चौहान, मोना शर्मा, भावना छाबड़ा, डॉ. मेघा माहेश्वरी, डॉ प्रीति मेहता, डॉ श्वेता बोहरा, पलक, पिंकी, परी, समीता छाबड़ा, सपना तातेड़, डॉ प्रीति बोहरा, अमिता मूंदड़ा, सरिता मूंदड़ा, अंकिता, दिव्या संगतानी, श्वेता भाटिया सहित क्लब की कई सदस्याएं उपस्थिति रही। रेड कार्पेट पर सभी सदस्यों ने अपनी स्टाइलिश उपस्थिति से माहौल को फिल्मी अंदाज़ में सजा दिया।

# नो कुंडीय महायज्ञ का कपासन के तुर्कियाखुर्द ग्राम में विधि-विधान के साथ हुआ शुभारंभ

### आज आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा एवं विशाल भजन संध्या

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्र के तुर्कियाखुर्द ग्राम में तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन का सोमवार को श्री खाखलिया श्याम मंदिर पर नो कुंडीय महायज्ञ के साथ शुभारंभ किया गया।यहां विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ आयोजित नो कुंडीय महायज्ञ में क्षेत्र के करीब 15 गांवों से आगंतुक वैवाहिक जोड़ो सहित कई श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों द्वारा आहुतियां अर्पित करते हुवे चहुंओर शांति एवं कल्याण की कामना की गयी।

उल्लेखनीय है कि पंचायत समिति कपासन क्षेत्र के ग्राम तुर्कियाखुर्द में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतर्गत सोमवार को नारायण माटूनिया एंड पार्टी द्वारा भोज बगड़ावत के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।साथ ही 11 नवंबर मंगलवार को विशाल जुलूस एवं शोभायात्रा ग्राम जवासियां से शुरू होकर धार्मिक आयोजन स्थल श्री खाखलिया श्याम मंदिर तुर्कीयाखुर्द पहुंचकर संपन्न होगी।शोभायात्रा में रथ,ध्वज,झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र एवं भक्तिरस से ओत-प्रोत धार्मिक गीत व संगीत के माध्यम से चहुंओर भक्तिमय ऊर्जा का संचार होगा।इसके उपरांत मंगलवार सांय विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा।जिसमे प्रसिद्ध भजन गायक नरेश प्रजापत व गोपालदास वैष्णव द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां तथा झांकियों के साथ भगवान श्याम की विभिन्न लीलाओं का मंचन किया जायेगा।उक्त तीन दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों सहित स्थानीय ग्रामवासियों एवं युवा वर्ग द्वारा उत्साहपूर्वक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।इस तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का बुधवार को महाप्रसादी के साथ भव्यतापूर्वक समापन होगा।

# सांस्कृतिक संध्या एंव अतिशबाजी के साथ हुआ बून्दी उत्सव का समापन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(नि.स.)।** नैनवां में सोमवार सांय को राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल प्रांगण में बून्दी उत्सव के समापन के मौके पर राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थानी कलाकारो ने उम्दा प्रस्तुतिया दी गई। कार्यक्रम के तहत चरी नृत्य,कच्छी घोड़ी नृत्य,मणियारो नृत्य,भवई नृत्य, कालबेलिया नृत्य की सुन्दर प्रस्तुतिया दी गई। राजस्थानी कलाकारो में बाड़मेर,केकड़ी,पोरबंदर गुजरात,बून्दी,सहित कई राज्यो के कलाकारो ने मनमोहक प्रस्तुतिया प्रस्तुत किया जाने से दर्शक मृंत्रमुग्ध हो गये। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओ में विजेता प्रतिभागियो को पालिका चैयरमैन श्रीमति सरिता नागर,पालिका ई.ओ बृजभूशण शर्मा,सीबीईईओ ओ.पी बुनकर के मुख्य अतिथ्य में विजेता प्रतिभागियो को नवाजा गया। अतिशबाजी से रोशन हुआ आकाश-बून्दी उत्सव के समापन के मौके पर स्कूल प्रांगण में



### कनक सागर में किया दीपदान-

नैनवां उपखंड में बूंदी महोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन किए गए। रविवार शाम को प्रधान पदम नागर ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ग्राम पंचायत दुगारी के कनक सागर तालाब पर पूजा अर्चना कर दीप दान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे प्रधान पदम नागर एवं अन्य अधिकारियों का सरपंच रामलाल खींची की अगुवाई स्थानीय ग्रामीणों ने माल्यार्पण व साफे बंधवाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, ग्रांमीण मण्डल किसान मोर्चा अध्यक्ष आसाराम नागर, समाज सेवी पप्पू लाल सैनी व सभी ग्राम वासियों ने मिलकर दीप जलाकर दीपदान कार्यक्रम को भव्यता दी।

## रामलीला मैदान में निशुल्क जोड़ प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** महावीर इंटरनेशनल एवं श्रीराम लीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला रंगमंच मैदान, आजाद चौक में निशुल्क जोड़ प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शहर के गणमान्य व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं जरूरतमंदों ने भाग लेकर अपनी जांच करवाई और चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। कमेटी की अध्यक्षा एवं केंद्र की अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंजू पोखरना ने बताया कि शिविर में जोड़ दर्द, साइटिका, रीढ़ दर्द, कोहनी, कूल्हा, घुटना एवं कंधे के दर्द से पीड़ित लगभग 150 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क जांच, परामर्श एवं दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के शिविरों से जनसेवा की भावना को और अधिक बल मिलता है। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष अशोक पोखरना ने जानकारी दी कि शिविर में अहमदाबाद के प्रसिद्ध ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉक्टर रौनक देसाई ने अपनी टीम सहित प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के आयोजन में श्रीराम लीला कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित गोविंद व्यास, रामगोपाल सोनी, सीए महावीर गांधी, नंदकिशोर जीनगर, दीपक सोनी, मोहन चौधरी, गोपाल सांखला, मंगल पाराशर, श्रीराम पारीक, कैलाश सोनी, पारसमल जीनगर एवं गोपाल जीनगर ने सक्रिय सहयोग दिया।

# नये उत्तीर्ण सीए विद्यार्थियों का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** सोमवार को सीए फाइनल परीक्षा में उत्तीर्ण हुए नगर के प्रतिभावान विद्यार्थियों का स्वागत एवं अभिनंदन स्थानीय भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर किया गया।

कार्यक्रम में नगर के नए उत्तीर्ण सीए छात्र लव लड्ढा एवं छात्रा आँचल पारख का पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी ने मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर एवं उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने कहा कि नगर के युवाओं की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे निंबाहेड़ा के लिए गर्व की बात है। मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ लक्ष्य की प्राप्ति संभव होती है। ऐसे होनहार विद्यार्थी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम में भाजपा नगर महामंत्री कमलेश बुनकर, नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, लक्की आहूजा, पुष्कर सोनी, नगर मंत्री आशीष बोड़ाना, भाजयुमो नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, सोनू आकाश पारख, संजय सुराणा आदि मौजूद रहे।

**15 नवम्बर : जनजाति गौरव दिवस (150 वीं जन्म जयंती विशेष)**

# जनजातीय अस्मिता के प्रतीक - भगवान बिरसा मुंडा

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा का नाम आदर और गर्व से लिया जाता है। वे केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के स्वाभिमान और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक थे। उन्होंने अपने अल्पायु जीवन में जो चेतना जगाई, वह आज भी समाज को दिशा देती है।

भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखंड राज्य के उलीहातु गांव में हुआ। वे मुंडा जनजाति से थे। बाल्यकाल से ही उनमें असाधारण नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति गहरा समर्पण था। गरीबी, अन्याय और शोषण को देखकर उनके भीतर विद्रोह की अग्नि जाग उठी।



### उलगुलान- अन्याय के विरुद्ध महाआंदोलन

ब्रिटिश शासन द्वारा जनजातीय भूमि पर कब्ज़े और अत्याचार के विरोध में बिरसा मुंडा ने उलगुलान (महाआंदोलन) का बिगुल फूंका। उन्होंने आदिवासी समाज को संगठित किया और स्वराज्य, स्वाभिमान व संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष किया। हमारी धरती हमारी है, कोई उसे छीन नहीं सकता' यह नारा उनके आंदोलन का मूल संदेश बन गया।

### सामाजिक व धार्मिक सुधारक

बिरसा मुंडा ने समाज से अंधविश्वास, नशाखोरी और कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। उन्होंने बिरसा धर्म नामक सुधार आंदोलन चलाया, जो नैतिकता, सादगी और एकता पर आधारित था। वे लोगों से कहते थे- अंधविश्वास छोड़ो, शिक्षा अपनाओ, अपनी पहचान बनाओ।

### बलिदान और अमरत्व-

अंग्रेजों के विरुद्ध संग्राम करते हुए मात्र 25 वर्ष की आयु में, 9 जून 1900 को रांची जेल में बिरसा मुंडा ने प्राण त्याग दिए। उनकी मृत्यु आज भी रहस्य है, किंतु उनका त्याग और विचार आज भी अमर हैं। वे जनजातीय समाज के हीरो नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत के अमर बलिदानी हैं।

### प्रेरणा के स्तंभ-

भगवान बिरसा मुंडा हमें यह सिखाते हैं कि समाज की असली शक्ति उसकी संस्कृति, शिक्षा और आत्मसम्मान में निहित है। उनकी 150 वीं जयंती हमें यह संदेश देती है कि हम अपने समाज में समानता, न्याय और आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त बनाएं।

**संदेश-**

बिरसा मुंडा केवल इतिहास नहीं, वे जनजातीय चेतना के अमर आलोक हैं।

# पत्थर हटाने की बात पर बुजुर्ग महिला के फरसा मारा सिर फटा इलाज के दौरान मौत

## पीड़ित बोला- पूरे परिवार को खत्म करना चाहते थे



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पत्थर हटाने की बात पर एक पक्ष के 19 लोगों ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान पहले पक्ष के लोगों ने 55 साल की बुजुर्ग महिला के सिर में फरसा मार दिया। लहूलुहान हालत में महिला वहीं गिर पड़ी। इसके बाद उसे जयपुर रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एफआईआर में मृतका के बेटे का आरोप है कि आरोपी पक्ष ने झगड़े के दौरान पूरे परिवार को खत्म करने की बात कही और हमला कर दिया। महिलाओं को भी नहीं छोड़ा। मामला डीग जिले के कामां थाना इलाके के बझेरा गांव का रविवार शाम 7 बजे का है। महिला की मौत जयपुर में सोमवार सुबह हुई। आरोपी पक्ष के सभी लोग फरार हैं, जिन्हें पुलिस तलाश रही है। गांव में अनहोनी को देखते हुए पुलिस जाब्ता लगवाया गया है। कामां थाने के एएसआई जयप्रकाश ने बताया- बझेरा गांव में रविवार शाम प्रताप और रामप्रकाश के परिवार के बीच झगड़ा हुआ था। इसमें रामप्रकाश की मां श्यामवती और भाई हरी सिंह समेत 6 लोग घायल हुए थे। झगड़े में प्रताप पक्ष के लोग भी घायल हुए हैं। सभी को कामां अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से राम प्रकाश की मां श्यामवती की हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण उन्हें देर रात ही आरबीएम अस्पताल रेफर किया गया। त्ठड अस्पताल से श्यामवती को जयपुर केैडै अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह श्यामवती की मौत हो गई। बेटे रामप्रकाश की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पत्थर हटाने की बात पर विवाद

रामप्रकाश निवासी बझेरा गांव ने कामां थाने में थ्प्‌ दर्ज करवाते हुए बताया- 9 नवंबर की शाम करीब 7 बजे मेरे परिवार वाले उत्तर प्रदेश के महरौली से अपने घर आए थे। परिवार के लोगों की गाड़ी गांव के प्रताप के घर के सामने से पहुंची तो यहां रास्ते में पत्थर रखे हुए थे। हमने प्रताप और उसके परिजनों से पत्थर हटाने को कहा। उन्होंने पत्थर हटाने से मना कर दिया। बहस हुई तो प्रताप और उसके करीब 19 घरवाले हाथों में लाठी, डंडे, फरसे और बंदूक लेकर आ गए। उन्होंने अपने घर के सामने हमारी गाड़ी को रोक लिया। तभी गोपाल नाम के व्यक्ति ने अपने परिजनों से कहा- पूरे परिवार को खत्म कर दो। जिसके बाद प्रताप, गोपाल और उसके परिजनों ने रामप्रकाश के परिवार पर हमला कर दिया।

### हमला कर भागे आरोपी

रिपोर्ट में बताया- गोपाल ने भाई हरिसिंह के सिर पर फरसा मारा। शिवम ने मां श्यामवती के सिर पर फरसे से हमला कर दिया। प्रताप के परिजनों ने रामप्रकाश के परिवार की महिलाओं और व्यक्तियों को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। रामप्रकाश के परिवार के लोगों के चिल्लाने की आवाज सुन गांव के लोग इकट्ठे हुए तो, प्रताप और उसके परिवार वाले वहां से फरार हो गए। रामप्रकाश ने बताया कि उनका प्रताप के परिवार से कोई रंजिश नहीं थी। उन्होंने बेवजह हमारे परिवार पर हमला किया है। फिलहाल पुलिस बल बझेरा गांव में तैनात है। गांव में शांति बनी हुई है।

# रोडवेज चालकों के बीच चलाया समझाइश अभियान



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा समझाइश अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि नागरिकों में यातायात नियमों की पालना को लेकर हमारे द्वारा रोडवेज बस स्टैंड पर रोडवेज चालकों और यात्रियों के बीच समझाइश अभियान चलाया गया। उन्हें गुड सेमिरिटर के बारे में विस्तृत रूप की जानकारी दी गई। इसके अलावा विभाग की ओर से यातायात नियमों को लेकर जारी पंपलेट का भी वितरण किया गया। जो लोग यातायात नियम का पालन करते हैं। ऐसे चालकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। जहां हेलमेट की पालना करने वाले दो पहिया वाहन चालकों को तथा कर में सीट बेल्ट का उपयोग करने वाले चालकों के सेल्फी फोटो लिए गए। विभाग द्वारा ट्रैफिक पॉइंट व जिला परिवहन कार्यालय में सेल्फी पॉइंट लगाए गए हैं। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत द्वारा रोडवेज स्टैंड पर चालकों से समझाइश की गई। कि वह लगातार वाहन ना चलाएं। अनिद्रा की स्थिति में वाहन ना चलाएं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट चलाते समय जिम्मेदारी का ध्यान रखें।

### किसी प्रकार का नशा ना करें और यातायात नियमों का पालन करें


यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने हेलमेट पहने वाले चालकों को प्रोत्साहित करते हुए उनके साथ सेल्फी ली और उन्हें सुयोग्य नागरिक बताया। उन्होंने कहा कि जो चालक यातायात नियमों का पालन करते हैं। वह देश हित में कार्य कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा वाहनों की जांच के दौरान तीन जेसीबी को जप्त किया गया। जिसे लाखों रुपए परिशमन राशि के रूप में वसूल की जाएगी। 11 नवंबर को विभाग द्वारा रिफलेक्टर अभियान चलाया जाएगा।

# सचिव रेखा यादव ने किया जिला कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एण्ड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एसओपी में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान जेल में बंदियों से उनके प्रकरणों, अपील, जमानत, आगामी पेशी की तारीख, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं सभी बंदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली तो एक बंदी ने अपने हाथ में दर्द होने की जानकारी दी तो सचिव द्वारा जेल अधीक्षक को बंदी की जांच, दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए एवं सभी बंदियों से जातिगत भेदभाव के बारे में जानकारी प्राप्त की जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि चार नए बंदी जेल में आए है, सचिव द्वारा उनसे भी उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी ली एवं लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल अधिवक्तागणों द्वारा नए बंदियों को फॉर्मेट भरकर देने के भी निर्देश दिए । इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा दीपक सिंह सिकरवार, स्टेनो राहुल डंडौतिया, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।




# राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष ने स्थानीय निकायों के साथ किया संवाद

## स्थानीय निकायों को स्ववित्त पोषित व चुनौतियों से निपटने का रोडमैप बनाना होगा-डॉ. चतुर्वेदी




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि स्थानीय निकायों को स्ववित्त पोषित एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ आमजन से जुड़ी सेवाऐं पारदर्शी व ऑन लाइन प्राप्त हो इसके लिए चुनौतियों से निपटने का रोडमैप बनाकर कार्य करना होगा। सातवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. चतुर्वेदी सोमवार को नगर निगम सभागार में आयोजित नगर निकायों के साथ संभाग स्तरीय संवाद कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय आर्थिक रूप से सुढ़ढ होगें तो शहरी विकास की परिकल्पना तेजी से साकार होगी। आमजन को मूलभूत सुविधाऐं मिलने के साथ सड़क, नाली, रोशनी, पार्क संबधी विकास व बेहत्तर साफ-सफाई मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को समन्यवय से कार्य करते हुए स्मार्ट बनने की आवश्यकता है। आमजन की सोच बदलकर जागरूक करते हुए शहर के विकास में भागीदार बनाऐं। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग एवं पुर्नउपयोग के लिए प्लान तैयार करें साथ ही आय के नवीन स्त्रोतों की तलाश कर उसको लागू करें। उन्होंने तकनीकी के सहयोग से परिसंपत्तियों का सर्वे करने, शहरी विकास शुल्क, पार्किंग सुविधा, मेले आयोजन आदि को भी आयवृद्धि के स्त्रोत के रूप में विकसित करने की बात कही।

डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह ने कहा कि शहरी विकास महत्त्वपूर्ण हैं, निकायों में आय बढाने के साथ आमजन की सेवाओं को सुलभ बनाया जाए। सम्भागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने कहा कि कार्यशाला में आये सुझाव स्थानीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होंगे।

उन्होंने अच्छा परफोर्मेंस के आधार पर अनुदान तय करने का सुझाव दिया। आयोग के सदस्य सचिव नरेश ठकराल ने कहा कि स्थानीय निकाय स्वयं बजट का प्लान तैयार करें, स्वयं बनायें तथा स्वयं खर्च करें इसके लिए वित्तीय स्थिति सुदृढ करने की आवश्यकता है। उन्होंने वित्त आयोग द्वारा संभागवार आयोजित की जा रही संवाद कार्यशालाओं के बारे में विस्तार से बताया। आयोग के हृदेश जुनेजा ने बताया कि स्थानीय निकायों को वित्तीय प्रबन्धन में सुधार की जरूरत है। उन्होंने सुझाव एवं चाही गई सुचनाओं को आयोग की वेबसाइट पर भिजवाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर संभाग के सभी जिला कलक्टर, नगर निकायों के सभापति/अध्यक्ष, सचिव बीडीए सुरेश नवल, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बंध बारैठा में बनेगा बायोलॉजिकल पार्क

## एक करोड़ रुपए की मिली स्वीकृति पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिले के प्रसिद्ध बारैठा बांध क्षेत्र में अब जयपुर बायोलॉजिकल पार्क (जैविक उद्यान) की तर्ज पर नया बायोलॉजिकल पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए 35-50 हेक्टेयर क्षेत्र में विकास कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के तहत इस परियोजना की स्वीकृति दी गई है, जिसके लिए एक करोड़ रुपए की राशि सेंशन की गई है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पार्क की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसमें पर्यटकों के लिए व्यू पॉइंट, नेचर ट्रेल, इन्टरप्रिटेशन सेंटर, वॉकिंग ट्रैक और पार्किंग एरिया जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। . मुख्यमंत्री बजट घोषणा में बायोलॉजिकल पार्क बनाने की घोषणा की गई थी। पहले इस परियोजना के लिए 2 अलग-अलग जमीनों के प्रस्ताव तैयार किए गए थे। सेंट्रल जू अथॉरिटी की टीम ने जमीनों की विजिट भी करी थी,लेकिन कुछ विवाद होने की वजह से केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के पास मलाह क्षेत्र के पास बायोलॉजिकल पार्क का प्रोजेक्ट अधूरा ही रह गया। बारैठा बांध क्षेत्र पहले से ही जैव विविधता से समृद्ध है, जहां सैकड़ों पक्षियों और जलीय जीवों की प्रजातियां पाई जाती हैं। इसलिए अड़चनें न होने के कारण बांध बारैठा इलाके पर बायोलॉजिकल पार्क बनने के लिए अप्रूवल मिल गया। प्राकृतिक जलाशय में पार्क बनने के बाद वहां जलीय व थलचर जीवों के लिए उचित वातावरण मिल सके उस हिसाब से बायोलॉजिकल पार्क के लिए डीपीआर तैयार कराई जा रही है।

**बजट घोषणा में पार्क की गई थी घोषणा**-पर्यावरणविद डॉ केपी सिंह बताते हैं बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों और वनस्पतियों (पेड़-पौधों) को उनके प्राकृतिक वातावरण के सामान माहौल मिलता है। अभी 1 करोड़ की सेंशन आ चुकी है। डीपीआर तैयार कर रहे हैं।

समृद्ध भारत अभियान द्वारा कुम्हेर में आयोजित हुआ बाल नेत्र जाँच शिविर

# शिविर में 466 बच्चों की आँखों की जाँच कर 79 ऑपरेशन हेतु किया चयनित 66 को उपलब्ध कराए चश्मे



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** कुम्हेर कस्बे के महिला एवं बाल विकास (सी डी पी ओ) कार्यालय में सोमवार को समृद्ध भारत अभियान संस्था द्वारा डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित निशुल्क बाल नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 466 बच्चों की जाँच कर 79 को औपरेशन योग्य चयनित किया तथा 66 बच्चों को निशुल्क चश्में उपलब्ध कराए गये। शिविर का शुभारम्भ कुम्हेर की उपखंडाधिकारी श्रेष्ठाश्री ने किया तथा अध्यक्षता समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पंचायत समिति के विकास अधिकारी रणवीर सिंह एवं सी डी पी ओ महेंद्र अवस्थी उपस्तिथ थे।

शिविर में मुख्य अतिथि एसडीएम श्रेष्ठाश्री ने कहा कि बच्चों में निकट दृष्टि दोष, दूर दृष्टि दोष, एलर्जी, जलन, आँखों में पानी आना, दृष्टि कमजोरी और लेजी आई जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर निदान न होने पर ये समस्याएँ बच्चों की शिक्षा व विकास को बाधित करती हैं। उन्होंने शिविर को बच्चों के हित में सराहनीय पहल बताया।

# गर्भवती व धात्री महिलाओं में एनीमिया प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग चलाएगा पिंक पखवाड़ा

## 17 से 30 नवंबर तक मिशन मोड पर लगेंगे फेरिक कार्बॉक्सी माल्टोज इंजेक्शन, चिकित्सा अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** गर्भवती तथा धात्री महिलाओं में एनीमिया प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग 17 से 30 नवंबर तक विशेष पिंक पखवाड़े का आयोजन करेगा। इस दौरान मिशन मोड पर फेरिक कार्बॉक्सी माल्टोज इंजेक्शन का उपयोग एनीमिक महिलाओं के लिए किया जाएगा। अभियान की पूर्व तैयारी हेतु चिकित्सा अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ने बताया कि पहले से प्रचलित आईएफए यानि आयरन की गोलियों का बहुत धीरे परिणाम प्राप्त होता है। कई महिलाओं को मतली, कब्ज, पेट खराब व अवशोषण की कमी जैसी समस्याओं के चलते इसका ज्यादा लाभ भी नहीं हो पता। ऐसे में फेरिक कार्बॉक्सी माल्टोज इंजेक्शन द्वारा डेढ से दो माह में ही तीन से चार ग्राम हीमोग्लोबिन बढ़ाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने एफसीएम इंजेक्शन की डोज गणना हेतु गंजोनी सूत्र के बारे में बताया तथा स्पष्ट किया कि एक सप्ताह में किसी भी गर्भवती को 1000 मिलीग्राम से अधिक डोज नहीं दी जाए और पूरे गर्भावस्था काल में 1500 मिलीग्राम की अधिकतम सीमा में ही एफसीएम दिया जाए। उन्होंने पिंक पखवाड़ा अभियान को पूरी क्षमता के साथ मनाने और आधिकाधिक गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभ देने के निर्देश दिए।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी तथा पिंक पखवाड़ा अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि मध्यम से गंभीर एनीमिया यानी कि 5 से 9 ग्राम हीमोग्लोबिन वाली गर्भवतियों तथा धात्री महिलाओं को फेरिक कार्बॉक्सीमाल्टोज दिया जाएगा। अभियान के दौरान आशा सहयोगिनी एएनएम एक्टिव मोड पर ऐसी महिलाओं की सूची तैयार करेगी और इन्हें अस्पताल लेकर आएंगी। इस इंजेक्शन का उपयोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा इससे उच्चतर संस्थान पर चिकित्सक की देखरेख में ही किया जाएगा। कार्यशाला के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी शशांक वशिष्ठ तथा जपाईगो के प्रोग्राम ऑफिसर सुमित पूरी ने भी विचार रखे।

# शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या,कोर्ट कैम्पस और प्रशासनिक एरिया भी नहीं अछूता

## कोर्ट एरिया में सड़क पर हो रही वाहनों की पार्किंग, बकीलो ने की एसडीएम से शिकायत




बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में यातायात के हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ते नजर आ रहे हैं। शहर के मुख्य बाजार में जहां जाम की समस्या आम हो गई है। वहीं अंबेडकर सर्किल से भारद्वाज मार्केट,हॉस्पिटल रोड,सीताराम बाजार,रेलवे फाटक और सब्जी मंडी क्षेत्र में घण्टो तक जाम लगा रहता है। जिसके पीछे दुकानदारों द्वारा किया गया स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण जिम्मेदार है। वहीं ठेल-ढकेल वाले भी परेशानी बढ़ा रहे हैं। शहर के नागरिकों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी नगर पालिका,स्थानीय प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही। वहीं दूसरी ओर अब शहर के किला परिसर स्थित कोर्ट कैंपस में भी दिन प्रतिदिन जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। जिसको लेकर वकीलों ने एसडीएम से शिकायत की है। और समस्या समाधान के लिए किला परिसर में स्थित कोतवाली थाने की पुरानी बिल्डिंग में पार्किंग खोले जाने की मांग की है।

बार संघ के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कौशिक ने बताया कि पूर्व में कोर्ट के बाहर सड़क पर नगर पालिका द्वारा टेंडर देकर पार्किंग कराई जाती थी। जिसमें प्रति व्हीकल 10 शुल्क लगता था। अधिवक्ताओं से भी यह शुल्क लिया जाता था लेकिन काफी हद तक गाड़ियां सड़क के साइड में लगी रहती थी। जिससे यातायात पर प्रभावित नहीं होता था। लेकिन पिछले एक वर्ष से नगर पालिका ने उक्त टेंडर को समाप्त कर दिया है। अब हर कोई बाइक एवं गाड़ियों को अस्त-व्यस्त लगता है। जिससे मार्ग सकरा हो जाता है और कोई बड़ा वाहन आता है तो जाम के हालात पैदा हो जाते हैं। यह समस्या अब लगातार देखने को मिल रही है। जिसके निस्तारण के लिए एसडीएम भगवत शरण त्यागी से शिकायत की थी और निवेदन किया है की इस भवन में पूर्व में थाना संचालित था। वह खाली पड़ा है। उसमें वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की जाए जिससे रास्ता अवरुद्ध नहीं हो। अधिवक्ता राकेश अजर ने बताया की समस्या केवल कोर्ट कैंपस में नहीं बल्कि पूरे शहर में फैली हुई है। जिसका निस्तारण बेहद जरूरी है। अन्यथा आने वाले दिनों में और बुरे हालात पैदा हो जाएंगे। जिसका समाधान करना भी मुश्किल होगा। इसको लेकर ना तो नगर पालिका ध्यान दे रही ना प्रशासन।

# वित्त आयोग के अध्यक्ष डा. अरूण चतुर्वेदी का भाजपाईयों ने किया स्वागत



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राज्य वित्त आयोग राजस्थान सरकार के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी के भरतपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तहेदिल से स्वागत और सम्मान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में अनेकों भाजपा कार्यकर्ताओं ने सर्किट हाउस पहुंचकर राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष का फूल मालाओं से और साफा और पटका पहनाकर स्वागत किया। डॉ. चतुर्वेदी ने सभी कार्यकर्ताओं से राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की एवं कार्यकर्ताओं ने भरतपुर की सामाजिक समस्याओं से अवगत कराया। कपिल खोंकर के अनुरोध पर वित्त आयोग के अध्यक्ष ने सर्किट हाउस में एक पेड मां के नाम लगाया। इस पर पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष सतेन्द्र गोयल, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर गौड एवं मोहन रारह,जिला मंत्री कुशलपाल राजावत, जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी, कार्यालय प्रभारी उत्तम शर्मा, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना, जीतू फौजदार, सोनू उपाध्याय, जयप्रकाश, आकाश हथैनी आदि उपस्थित रहे।

## बीएलए -2को लेकर भाजपाईयों की हुई बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित एसएमएस विद्यालय परिसर में एसआईआर को लेकर बीएलए -2भाजपा कार्यकर्त्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने की। बैठक के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत रहे। इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि विशेष गहन पुनरिक्षण मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं का नाम जुड़वावें और अपात्र मतदाताओं का नाम हटवावें। उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत के लिए स्वदेशी को अपनाने का प्रयास करें जिससे भारत पुनः सोने की चिडिया बन सके। वहीं अध्यक्षता कर रहे अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने कहा कि जितना परिश्रम आप अब करोगे उतना ही लाभ आपको भी होगा। पात्र मतदाता छूट गया तो हमको ही नुकसान है। हमें अजय भाजपा की इस मुहीम को सफल बनाना है।इस मौके पर भाजपा के रामपुर मण्डल अध्यक्ष कर्णसिंह ओला और नगर पालिका के सफाई ठेकेदार सुरेश ज्ञानपुरिया के जन्मदिन पर केक काटकर उन्हें बधाई भी दी गईं। मंच का संचालन भाजपा नेता डॉ शशिकांत बोहरा ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता सज्जन मिश्रा, जिला महामंत्री जयप्रकाश शर्मा,जिला मंत्री हेमलता सिसोदिया, सुबेदार जगदीश सूद, जिला प्रवक्ता एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद का संस्कार शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को भारत विकास परिषद ने ऐसा संस्कार शिविर रचा कि माहौल खुद एक सीख बन गया। मंच पर रखे संकल्प-दिव्य दीप की लौ जैसे छात्राओं की आँखों में भी चमकने लगी। शिविर का उद्देश्य स्पष्ट था—चरित्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता और नशे से दूर रहने की मजबूत प्रेरणा परिषद के प्रतिनिधि दिनेश सैन ने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, ताकि वे खुद भी नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी इसके नुकसान से बचाने का संदेश दें। शिविर में भारत विकास परिषद के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने सरल भाषा में जीवन मूल्यों, अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच पर चर्चा की विद्यालय की छात्राएँ ध्यान से हर बात सुनती रहीं।स्टाफ ने भी शिविर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक समझ दोनों बढ़ाते हैं कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ और नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया इस शिविर ने शिक्षा के साथ संस्कार की एक और रोशनी जलाई इस अवसर पर दीपक विजय,लोकेश रावत,पद्मा गोयल राजेन्द्र सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## केन्द्रीय विद्यालय स्थापना की मांग तेज



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** उपखण्ड राजगढ़ के लिए वर्षों पूर्व स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना भूमि आवंटन के अभाव में अटकी हुई है। हाल ही में विद्यालय को रैणी तहसील के दलालपुरा स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू होने की खबर से क्षेत्र में निराशा और जनाक्रोश फैल गया। इसी को लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने राजगढ़ आवाज मंच का गठन कर सोमवार को एसडीएम सुश्री सीमा मीना को जिला कलेक्टर अलवर के नाम ज्ञापन सौपा और बताया कि मंच ने राजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में उपलब्ध खसरा संख्या 1152, 1153 और 4717/1285 को केन्द्रीय विद्यालय के लिए सर्वश्रेष्ठ भूमि बताया। लगभग 10 बीघा का यह संयुक्त परिसर कन्या महाविद्यालय और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित होने से शिक्षा हब विकसित होने की संभावना जताई गई। मंच ने कहा कि पूर्व में इसी खाते से सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालय को भूमि आवंटित हो चुकी है, इसलिए शेष भूमि के आवंटन में कोई बाधा नहीं है।

## आतेला में 'नानी बाई का मायरा' कथा का भंडारे के साथ हुआ भव्य समापन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.) ।** क्षेत्र के आतेला गांव में पिछले कई दिनों से चल रही पावन 'नानी बाई का मायरा' कथा का समापन सोमवार को भव्य भंडारे के साथ किया गया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे परिसर में भक्ति व आध्यात्मिक भावनाओं का वातावरण बना रहा। कथा के मुख्य आचार्य महंत मंगल दास महाराज ने कहा कि 'नानी बाई का मायरा' भक्त और भगवान के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण की अद्भुत गाथा है, जो हर युग में भक्ति की महिमा को सिद्ध करती है। कथा के दौरान सुदर्शन दास महाराज, जालपाली मुडरू ने श्रीमद्भगवद्गीता के प्रसिद्ध श्लोक योगक्षेमं वहाम्यहम का भावार्थ भक्त नरसी मेहता के जीवन प्रसंगों के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि भगवान अपने शरणागत भक्तों की हर जिम्मेदारी स्वयं वहन करते हैं। कथावाचक साध्वी अरवलेश्वरी दीदी ने मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि कैसे अपने भक्त नरसी मेहता के पिता के श्राद्ध कार्य को पूर्ण करने के लिए स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने नरसी मेहता का रूप धारण कर श्राद्ध कार्य संपन्न किया। यह प्रसंग दर्शाता है कि सच्चे भक्त की लाज भगवान स्वयं रखते हैं और उसके हर संकट को दूर करते हैं। कथा में अनेक पूज्य संतों ने उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्य रूप से उपस्थित संत सुदर्शन दास महाराज, महंत मंगल दास महाराज, रामरतन दास महाराज, डाकोर त्रिवेणी, हरी दास, भीमा दास, मान दास, सताईसवा नाम दास, लिलका सौमेन्द्र महाराज, संत रघुनाथ दास महाराज, पुजारी राधेश्याम दास महाराज और रामशरण दास महाराज समेत बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।

### भाजपा का घोषणा पत्र बना छलावा

# नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने किसानों से किए वादों की दिलाई याद

बढ़ता राजस्थान

**अलवर/जयपुर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा पर किसानों के साथ वादाखिलाफी पर सवाल उठाते हुए उसे अपने ही घोषणा पत्र की याद दिलाई है। जूली ने कहा है कि भाजपा ने किसानों से घोषणा पत्र में मूंगफली, मूंग, उड़द समेत कई दलहन और तिलहन की रूस्क्क पर खरीद व कोटा दोगुना करने की बात कही थी लेकिन दो साल बीतने के बाद भी यह सिर्फ कोरे वादे बने हुए हैं , उन्होंने कहा यह है चुनावी घोषणा पत्र की सच्चाई ,इनके घोषणा पत्र में पेज नंबर 20 पर ये कहा था कि हम प्रदेश में चना मूंग और उड़द जैसी दालों को एमएसपी पर खरीदेंगे और लक्ष्य को भी दुगुना करेंगे ,लेकिन हकीकत यह है कि पूरे प्रदेश के अंदर इसकी खरीद न के बराबर की जा रही है ,लक्ष्य दुगुना करने की बात करने वाले अब छुप गए हैं, एमएसपी पर खरीद हो नहीं रही है।

बीकानेर एवं जोधपुर संभाग की स्थिति का उल्लेख करते हुए नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि विशेष रूप से बात करें बीकानेर और जोधपुर संभाग की जहां इन फसलों की अधिक से अधिक खेती की जाती है वहां किसानों को धरना



प्रदर्शन करना पड़ रहा है। दो साल का समय बीत चुका है और इन दो सालों में हमेशा यह हालात पैदा हुए हैं कि न मूंगफली को खरीदा है न इस प्रकार की इन फसलों को खरीदा है।

ये झूठ का सौदा करते है,बार बार झूठ बोलते हैं और विशेष रूप से बजट के अंदर भी इन लोगों ने कहा था कि हम इसकी एमएसपी पर खरीद करेंगे, लेकिन आज यह लोग गायब हो गए हैं। जूली ने तीखा प्रहार किया

उन्होंने सरकार पर बजट के दौरान भी एमएसपी पर खरीद का कहने और फिर वादे से मुकर जाने का आरोप लगाया है।

भाजपा सरकार पर किसानों के हितों की अनदेखी का मुद्दा उठाते हुए जूली ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से किया वादा भूलकर व्यापारियों के हित साधने में लगी है , किसान को टोकन नहीं मिलता है लेकिन व्यापारियों से मिलीभगत कर इनके अधिकारी टोकन जारी कर देते हैं ।

जूली ने अलवर के प्याज उत्पादक किसानों के आर्थिक संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि विश्व प्रसिद्ध अलवर का प्याज आज किसानों के लिए चिंता का कारण बन गया है। उचित मूल्य न मिलने के कारण किसान अपनी लागत तक नहीं निकाल पा रहे हैं और आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्याज उत्पादक किसानों को भाव-अंतर सहायता दी जाए तथा निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में लिया भाग

### सांसद खेल महोत्सव राजसमंद-2025 में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह, जोश और दमखम

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद खेल महोत्सव राजसमंद-2025 के अंतर्गत सोमवार को जिले के विभिन्न ब्लॉकों में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साह और ऊर्जा का माहौल रहा। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने दिनभर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहुँचकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके प्रदर्शन की सराहना की। नेडच में आयोजित प्रतियोगिता में नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने शिरकत की। संयोजक श्याम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताओं की बालकृष्ण स्टेडियम, कांकरोली में कबड्डी मुकाबले से हुई, जहाँ खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एसपी ऑफिस स्थित वॉलीबॉल कोर्ट पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जोरदार मुकाबले हुए। जेके स्टेडियम, कांकरोली में क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच देखने को मिला, वहीं एमडी स्कूल के खेल मैदान में खो-खो मुकाबलों में प्रतिभागियों ने अपनी फुर्ती और टीम भावना का उत्कृष्ट



प्रदर्शन किया। भाणा खेल मैदान में अंडर-फुटबॉल प्रतियोगिता तथा पर्ल ग्रेस एकेडमी खेल मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाडियों ने उम्दा खेल दिखाया। नेडच खेल मैदान में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जहाँ सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने उपस्थित रहकर खिलाडियों का मनोबल बढ़ाया। नेडच में आयोजित खेल प्रतियोगिता में नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह भी मौजूद रहे और खिलाडियों को प्रोत्साहन प्रदान किया। सांसद मेवाड़ ने इस अवसर पर कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का सर्वोत्तम साधन हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसी पहल युवाओं को आगे बढने और अपनी प्रतिभा को पहचान दिलाने का अवसर प्रदान करती है। आयोजन में खिलाडियों, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों तथा आमजन की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सभी ने भारत सरकार के इस प्रयास की सराहना की और सांसद के माध्यम से धन्यवाद व्यक्त किया।

## राजसमंद डेयरी संघ की बैठक में हंगामा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की 15वीं बैठक शुक्रवार को सरस डेयरी प्लांट परिसर में संघ अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत तो सामान्य रही, लेकिन पहले ही एजेंडा बिंदु पर प्रशासनिक अधिकारियों और संघ सदस्यों के बीच टेंडर प्रक्रिया तथा स्थानीय कर्मचारियों के साथ व्यवहार को लेकर माहौल गर्म हो गया।बैठक में संघ के प्रबंध संचालक अनिल कुमार बराला सहित कुल 12 सदस्य मौजूद रहे। चर्चा के दौरान एक टेंडर को दोबारा शुरू करने से संघ को हुए करीब 55 लाख रुपए के वार्षिक नुकसान और अस्थाई कर्मचारियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता न दिए जाने के मुद्दे पर तीखी बहस छिड़ गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच शब्दों की गर्मी इतनी बढ़ गई कि कई सदस्य आपस में उलझ पड़े।तनावपूर्ण माहौल के बीच भी बैठक जारी रही और आपसी सहमति से निर्णय लिया गया कि राजसमंद दुग्ध उत्पादक प्लांट को दो माह के भीतर चालू किया जाएगा, ताकि जिले के पशुपालकों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिल सके।बैठक के समापन पर अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुर्जर सहित अधिकांश सदस्य भोजन कार्यक्रम में शामिल हुए बिना ही बैठक स्थल से रवाना हो गए।

## कुंभलगढ़ फेस्टिवल 1 से 3 दिसंबर तक होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** आगामी 1 से 3 दिसंबर तक आयोजित होने वाले कुंभलगढ़ महोत्सव की तैयारियों के संबंध में शनिवार को जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सोमवार दोपहर आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और महोत्सव के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैठक में एडीएम नरेश बुनकर, एसडीएम साक्षी पूरी, उदयपुर से पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सुमिता सरोच, उप निदेशक शिखा सक्सेना, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, एसीएफ श्रीकिशन चौधरी, उप निदेशक (उद्यानिकी) कल्प वर्मा, एएसआई उदयपुर से दीपक मीणा, कुंभलगढ़ तहसीलदार और पंचायत समिति के विकास अधिकारी सहित कई विभागों के अधिकारी, होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव के दौरान आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

## अन्ता से भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन की जीत तय-शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा ने कहा कि अन्ता विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन की जीत तय है। उन्होंने कहा भाजपा प्रतिष्ठा के लिए चुनाव मैदान में है तो कांग्रेस अपने अस्तित्व को बचाने के लिए चुनाव लड़ रही। शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का चुनावी समर में आ जाने से भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन की जीत पक्की हो गईं है। उन्होंने कहा कि राजे के आने से सेवानिवृत कर्मचारियों, भाजपाईयों और कार्यकर्त्ताओं में एक नए जोश का




संचार हुआ है। राजे के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का ही प्रभाव है कि आमजन सडक़ पर आकर भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन का खुलकर समर्थन कर रहा है और 11नवम्बर को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का ऐलान कर रहा है।वसुंधरा राजे जी की रणनीति और और उनका ममता भाव ही हमारे प्रत्याशी की ताकत बन गया। शर्मा ने कहा कि वसुंधरा राजे समर्थक, संविदाकर्मी व सेवानिवृत कर्मचारी खुलकर सामने आ गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचन्द बैरवा का वहाँ दौरा और रोड़ शो भी महत्वपूर्ण है।

### केंद्रीय वन मंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की

# भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, समर्पण एवं आत्मनिर्भरता का प्रतीक - केंद्रीय वन मंत्री यादव

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सोमवार को जनजाति गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में परबैणी यज्ञशाला में भगवान बिरसा मुंडा, महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पक्षीघर निर्माण का शिलान्यास व भूमि पूजन किया तथा पद दंगल कार्यक्रम में शिरकत की।

केंद्रीय वन मंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, समर्पण एवं आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उनके आदर्शों से हमें समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में जोडने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंग्रेजों के अत्याचारों के प्रति जनजाति समाज का जागरण कर अंग्रेजों के खिलाफ स्वाभिमान व स्वाधीनता की लडाई लडी तथा जनजाति समाज में नशामुक्ति व स्वच्छता के लिए जागरूकता का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवम्बर भगवान बिरसा मुण्डा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस दिया तथा भारत सरकार उनकी 150वीं जयन्ती को सम्पूर्ण देश में मना रही है। उन्होंने कहा कि



सरकार द्वारा जनजातीय समाज के गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा के लिए योजनाएं पहुंचाने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है तथा वर्तमान समय में शिक्षा की क्रांति भगवान बिरसा मुण्डा जैसे महापुरूषों के जागरण का ही परिणाम है।

उन्होंने कहा कि विगत दिनों अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के तहत खेलों का आयोजन किया जिसमें राजगढ क्षेत्र के बच्चों ने बढचढकर भाग लिया। उन्होंने कहा कि राजगढ क्षेत्र के विकास के लिए आज डीएमएफटी की बैठक में परबैणी में 4.5 करोड की लागत के आधुनिक स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण कार्य, राजगढ में 2.99 करोड की लागत के पेयजल आपूर्ति कार्य, 21 ई-लाइब्रेरी एवं जल जीवन मिशन के कार्य मंजूर किए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी एकजुट होकर कार्य रहे हैं तथा क्षेत्र के विकास के लिए अन्य मांगों पर भी सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान समारोह में पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जनजागरण और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर सरस डेयरी चेयरमैन श्री नितिन सांगवान, श्री बन्नाराम मीणा, समाजसेवी श्री मदन परबैणी, श्री हरीश पायल श्री प्रवीण सैन, श्री जिनेंद्र जैन, श्री पिंटू मीणा, श्री विश्राम मीणा, श्री संजीव कटारा, श्री शिवचरण शर्मा, श्री देवकरण मीणा सहित प्रबुद्घ व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।










# ब्लास्ट के बाद प्रदेश में हाई अलर्ट

## दिल्ली में धमाके के बाद भीड़ वाली जगहों पर चेकिंग

## अजमेर दरगाह के बाहर आरएसी तैनात

## प्रदेश के सभी भीड़भाड़ वाली जगहों पर चेकिंग
















बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दिल्ली में लाल किले के पास कार में जोरदार धमाके के बाद राजस्थान में भी हाई अलर्ट है। सभी भीड़भाड़ वाली जगहों पर चेकिंग की गई। अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के बाहर न्नष्ट के जवान तैनात किए गए।

एटीएस के आईजी विकास कुमार ने बताया- राजस्थान में भी हाई अलर्ट जारी किया गया। इसके बाद सभी एजेंसियां अपने-अपने टास्क को लेकर जुट गई द्य पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट पर चेकिंग के निर्देश दिए गए।

पुलिस कंट्रोल रूम और अभय कमांड सेंटर पर तैनात पुलिसकर्मी निगरानी में जुट गए। उधर, डीजीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों की छुट्टियां निरस्त कर दी है। कोई भी संदिग्ध गतिविधि मिलने पर पुलिस कंट्रोल रूम और एटीएस को कॉन्टैक्ट कर सूचना दे सकते हैं।

### पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने सभी डीसीपी/एसपी को निर्देश दिए हैं कि वे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शॉपिंग मॉल, धार्मिक स्थलों आदि जैसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अत्यधिक सतर्कता बनाए रखें। उन्होंने अधीनस्थ सभी पुलिस अधिकारियों को कहा है कि अधिकतम पुलिस बल को सड़कों पर तैनात करें। अपने बम स्क्वॉड को भी अलर्ट पर रखें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी एसपी/डीसीपी स्वयं निगरानी रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जाएं। कमांड सेंटर के सीसीटीवी कैमरों की निगरानी पूरी तरह से की जाए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाया जा सके। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीमों को भी किसी भी तरह की भ्रामक या गलत सूचना का तुरंत खंडन करने हेतु अलर्ट किया जाए। डीजीपी ने समस्त रेंज आईजीपी और पुलिस आयुक्त को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। संदिग्ध वस्तुएं व संदिग्ध वाहनों को लेकर निगरानी रखने और आवश्यक जांच करने को कहा गया है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है।

### रेलवे स्टेशन परिसर में सो रहे लोगों से बाहर जाने की अपील

अजमेर रेलवे स्टेशन पर भी जीआरपी और आरपीएफ की ओर से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रेलवे स्टेशन परिसर में सो रहे लोगों को उठाकर रेलवे स्टेशन परिसर से बाहर जाने की अपील की जा रही है।

डॉग और मेटल डिटेक्टर के जरिए यात्रियों का सामान चेक किया जा रहा है। स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों को भी चेक कर रहे हैं। आरपीएफ अजमेर डिवीजन के कमिश्नर दीपक आजाद और जीआरपी सीओ रामअवतार चौधरी के नेतृत्व में सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

### सीकर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ का सर्च ऑपरेशन

दिल्ली में धमाके के बाद सीकर में रेलवे स्टेशन पर विशेष तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्टेशन परिसर में संदिग्ध सामान की तलाशी ली जा रही है। जीआरपी और आरपीएफ टीम के सदस्य लगातार तलाशी ले रहे हैं।

## सीएम शर्मा ने दिल्ली में हुए विस्फोट पर दुख जताया

सीएम भजन लाल शर्मा ने दिल्ली में हुए विस्फोट पर दुख जताया। ट्वीटर पर लिखा- दिल्ली में हुई विस्फोट की घटना अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। इस हृदयविदारक हादसे में अपनी जान गंवाने वाले नागरिकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति व घायलों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश की सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने, सतर्कता बढ़ाने तथा कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

### सीएम ने डीजीपी को दिए निर्देश, पुलिस रहें अलर्ट मोड पर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में लाल किले के पास कार में हुए विस्फोट के मद्देनजर राजस्थान में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा- पुलिस अलर्ट मोड पर काम करें। उन्होंने डीजीपी को धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शॉपिंग मॉल, पर्यटन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था के



साथ-साथ भीड़-भाड़ वाली जगहों पर भी सख्त निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बम स्क्वॉड को भी अलर्ट रखें।




### भीड़भाड़ वाली जगहों पर विशेष चौकसी

रेलवे स्टेशन-बस स्टेंड व मॉल आदि स्थानों के साथ भीड़भाड़ वाली जगहों पर विशेष चौकसी के साथ पुलिस व सिक्योरिटी एजेंसियों को तैनात किया गया है। होटल-धर्मशाला पर लोकल पुलिस को ठहरने वालों की जानकारी जुटाने के आदेश जारी किए गए हैं। संदिग्ध व्यक्तियों से गहनता से पूछताछ करने को कहा गया है। अभय कमांड सेंटर से सभी सिक्योरिटी एजेंसियां निगरानी रखे हुए हैं।

भीलवाड़ा में ए क्लास की हथियारबंद नाकाबंदी

भीलवाड़ा के भीमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस गाड़ियों की चेकिंग कर रही है। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने जवानों के साथ गाड़ियों को चेक किया। साथ ही गाड़ियों में रखा सामान भी चेक किया। इस दौरान एसपी धर्मेंद्र सिंह ने शहर के कई थाना क्षेत्रों में चेकिंग की। भीमगंज थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया- दिल्ली में ब्लास्ट के बाद भीलवाड़ा पुलिस अलर्ट है। एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में ए क्लास हथियारबंद नाकाबंदी की जा रही है। सभी संदिग्ध वाहनों को चेक किया जा रहा है। जिन लोगों पर शक हो रहा है, उनसे पूछताछ की जा रही है। दस्तावेज चेक किए जा रहे हैं। इसके अलावा शहर में पैदल गश्त करके भी लावारिस गाड़ियों को भी चेक किया जा रहा है।

### जयपुर में जगह-जगह बनाए नाकाबंदी पॉइंट्स

जयपुर में चांदपोल दरवाजे के बाहर, सांगानेरी गेट के बाहर, बड़ी चौपड़ और समेत कई जगह पर पुलिस ने नाकाबंदी पॉइंट्स बनाए हैं। यहां राजस्थान के बाहर से आने वाली गाड़ियों की विशेष रूप से जांच के बाद एंट्री दी जा रही है। पुलिस जवान ड्राइवर की आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस की जांच के साथ ही डिक्की खुलवाकर सामान की जांच कर रहे हैं।

### आबूरोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में चेकिंग

आबू रोड रेलवे स्टेशन पर जीआरपी-आरपीएफ के जवानों ने स्टेशन परिसर पर यात्रियों के सामान एवं अन्य सुरक्षा जांच की। पुलिस ने जांच के दौरान राजधानी, आश्रम, आगरा फोर्ट अयोध्या एक्सप्रेस सहित अन्य गाड़ियों की सघन जांच की। शहर पुलिस ने रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग में खड़े वाहनों की जीआरपी पुलिस के साथ जांच की।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार